E PAPER

# थिंक राजस्थान

सोच नई, राजस्थान के लिए

वर्ष: 01 | अंक: 38 | पृष्ठ: 8 | अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) | जयपुर, शुक्रवार 21 अगस्त, 2026 | मूल्य: ₹10.00 | प्रभात | RNI NO. RJMUL/26/A4290

## निकाय चुनाव में भाजपा का नया टिकट फॉर्मूला, दावेदार को बताने होंगे तीन और योग्य नाम



जयपुर। राजस्थान के 309 नगरीय निकायों में चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद भाजपा ने टिकट वितरण की प्रक्रिया तेज कर दी है। गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और संगठन महामंत्री अजेय कुमार की मौजूदगी में पूर्व विधायकों, पूर्व प्रत्याशियों और अनुभवी नेताओं के साथ चुनावी तैयारियों पर चर्चा हुई। भाजपा ने टिकट दावेदारों की स्क्रीनिंग के लिए 19 बिंदुओं वाला प्रोफार्मा तैयार किया है। इसमें दावेदार को अपने नाम के साथ उसी वार्ड से तीन अन्य योग्य दावेदारों के नाम भी प्राथमिकता क्रम में देने होंगे। इससे पार्टी को प्रत्येक वार्ड के संभावित उम्मीदवारों का पैनल तैयार करने और जीत की क्षमता वाले चेहरों की पहचान करने में मदद मिलेगी। प्रोफार्मा में दावेदार की भाजपा सदस्यता, संगठनात्मक सक्रियता, पूर्व दायित्व, चुनावी अनुभव और स्थानीय पकड़ के साथ आपराधिक प्रकरण, निकाय का बकाया और पार्टी की पूर्व कार्रवाई से जुड़ी जानकारी भी मांगी गई है। पार्टी का जोर व्यक्तिगत सिफारिश के बजाय संगठन में सक्रिय और जमीनी स्तर पर मजबूत उम्मीदवारों के चयन पर रहेगा। भाजपा स्थानीय चेहरे को भी प्राथमिकता देने की तैयारी में है। सामान्य तौर पर जिस वार्ड में कार्यकर्ता रहता है, उसी वार्ड से उसे चुनाव लड़ाने पर जोर रहेगा। वहीं पूर्व विधायक और पूर्व प्रत्याशियों के अनुभव का इस्तेमाल स्थानीय उम्मीदवारों की पहचान और चुनावी रणनीति बनाने में किया जाएगा। पार्टी चुनाव प्रचार में भजनलाल सरकार के विकास कार्यों को प्रमुखता देने की तैयारी कर रही है। पानी, सड़क, सफाई, यातायात, सीवरेज और शहरी विकास जैसे स्थानीय मुद्दों को निकायवार घोषणा पत्र में शामिल किया जाएगा। इसके लिए घनश्याम तिवाड़ी की अध्यक्षता में 13 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति बनाई गई है। प्रत्येक निकाय में नियुक्त प्रभारी स्थानीय कोर कमेटी के साथ बैठक कर वार्डवार संभावित उम्मीदवारों के नाम जुटाएंगे। निकाय चुनाव के बाद पंचायत चुनाव भी होने हैं, ऐसे में भाजपा इन चुनावों को संगठन की जमीनी ताकत परखने के साथ आगामी पंचायत चुनावों की तैयारी के लिए भी महत्वपूर्ण मान रही है। भाजपा के प्रोफार्मा में दावेदार की व्यक्तिगत और राजनीतिक जानकारी के साथ उसकी संगठनात्मक सक्रियता को भी परखा जाएगा। पार्टी सदस्यता कब ली, संगठन में कौन-कौन से दायित्व संभाले, पिछले चुनावों में क्या भूमिका रही और क्षेत्र में उसकी सक्रियता कितनी है, जैसी जानकारियां मांगी गई हैं। इसके अलावा दावेदार के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों, निकाय से जुड़े बकाया और पार्टी की ओर से पूर्व में की गई किसी कार्रवाई की जानकारी भी ली जाएगी। दावेदारों से अपने वार्ड के तीन अन्य योग्य नाम प्राथमिकता क्रम में देने को कहा गया है। इससे पार्टी के पास प्रत्येक वार्ड के लिए विकल्पों का विस्तृत पैनल तैयार हो सकेगा। पार्टी की रणनीति में स्थानीय उम्मीदवारों को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर है। जिस वार्ड में कार्यकर्ता लंबे समय से रह रहा है और उसकी स्थानीय स्तर पर पकड़ मजबूत है, उसे उसी वार्ड से चुनाव मैदान में उतारने की संभावना अधिक रहेगी। पार्टी का मानना है कि स्थानीय समस्याओं और मतदाताओं से सीधे जुड़े उम्मीदवार चुनाव में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। पूर्व विधायकों और पूर्व प्रत्याशियों को भी टिकट चयन और चुनावी रणनीति में शामिल किया जा रहा है। इन नेताओं के स्थानीय अनुभव और क्षेत्र में संगठनात्मक पकड़ का इस्तेमाल संभावित उम्मीदवारों की पहचान करने के साथ-साथ चुनावी समीकरण समझने में किया जाएगा। वहीं प्रत्येक निकाय के स्थानीय मुद्दों के आधार पर अलग-अलग घोषणा पत्र तैयार किए जाएंगे।

## मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर चुने गए बांग्लादेश के 23वें राष्ट्रपति

ढाका। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के उम्मीदवार मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर गुरुवार को बांग्लादेश के 23वें राष्ट्रपति चुने गए। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन समर्थित उम्मीदवार ओली अहमद को हराया। फखरुल को 255 वोट मिले, जबकि अहमद को 88 वोट प्राप्त हुए। गुरुवार दोपहर राष्ट्रीय संसद में हुए राष्ट्रपति चुनाव में कुल 343 वैध मत डाले गए। यह चुनाव मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और रिटर्निंग अधिकारी एएमएम नासिर उद्दीन की निगरानी में आयोजित किया गया। चीफ व्हिप के अनुसार, नए राष्ट्रपति 21 अगस्त को बंगभवन में पद की शपथ लेंगे। बांग्लादेशी मीडिया आउटलेट यूएनबी की रिपोर्ट के मुताबिक, नतीजों की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, 'मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर को सबसे अधिक वोट मिले हैं, इसलिए वे विधिवत रूप से राष्ट्रपति चुने गए हैं।' रिपोर्टों के अनुसार, मतदान के पात्र 349 सांसदों में से छह ने राष्ट्रपति चुनाव में वोट नहीं डाला। इससे पहले 1991 से लगातार राष्ट्रपति बिना किसी प्रतिद्वंद्वी के चुने जाते रहे थे।

## स्कूलों की बदहाली के खिलाफ कांग्रेस विधायकों का पैदल मार्च, विधानसभा के बाहर दिया धरना



जयपुर। राजस्थान विधानसभा के मानसून सत्र का आगाज आज से हो गया है। सत्र इस बार हंगामेदार रहने के आसार हैं। इसके संकेत कांग्रेस ने सत्र शुरू होने से पहले ही एक बड़ा प्रदर्शन करके दिए हैं। प्रदेश के स्कूलों की बदहाली और स्कूलों में मीडिया व आमजन की एंट्री पर रोक के खिलाफ कांग्रेस विधायकों ने राजधानी जयपुर में बड़ा आंदोलन कर सरकार के खिलाफ हल्ला बोल दिया। कांग्रेस विधायक और पार्टी कार्यकर्ता नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व में त्रिमूर्ति सर्किल पर एकत्रित हुए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद कांग्रेस विधायकों ने पैदल मार्च करते हुए विधानसभा की तरफ कूच किया। कांग्रेस विधायकों ने बाजू पर काली पट्टी बांधकर सरकार के इस निर्णय का विरोध दर्ज कराया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इस निर्णय को वापस लेने की मांग के साथ पैदल मार्च किया गया। पैदल मार्च करते हुए विधानसभा पहुंचे कांग्रेस विधायक पश्चिमी द्वार से ही अंदर प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान विधायकों की सुरक्षा कर्मियों से भी नोकझोंक हुई। बाद में सुरक्षा कर्मियों ने गेट बंद कर दिए तो कांग्रेस विधायक पश्चिमी द्वार के बाहर ही धरने पर बैठ गए। पैदल मार्च के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार पर हमला बोला और कहा कि सरकार स्कूलों की बदहाली छुपाना चाहती है।

## भील प्रदेश और मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने की मांग, बाप विधायकों का प्रदर्शन



जयपुर। राजस्थान विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले भील प्रदेश की मांग ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। गुरुवार को विधानसभा परिसर में भारत आदिवासी पार्टी के विधायकों ने भील प्रदेश और मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भारत आदिवासी पार्टी के विधायकों ने प्रदर्शन के दौरान सरकार को चेतावनी भी दी कि अगर मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा नहीं दिया गया तो सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। भारत आदिवासी पार्टी के तमाम विधायक आज अपनी परंपरागत वेशभूषा में आए थे। विधायकों ने सरकार पर वादा खिलाफी का भी आरोप लगाया। प्रदर्शन के दौरान धरियावद से भारत आदिवासी पार्टी के विधायक थावरचंद डामोर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि राजस्थान विधानसभा का मानसून सत्र चल रहा है और वे मानगढ़ धाम को आदिवासियों का शहादत स्थल बताते हुए इसे राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की मांग कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह मांग पहले भी कई लोग उठा चुके हैं और उनकी पार्टी भी लगातार इसे उठाती रही है। जब तक मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा नहीं दिया जाता, तब तक वे लगातार इस मामले को उठाते रहेंगे।

डामोर ने कहा कि इस मामले में केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की नफरत भरी सोच सामने आ रही है। जलियांवाला बाग हत्याकांड से पहले आदिवासियों ने संघर्ष किया था। 1500 से ज्यादा आदिवासी मानगढ़ में शहीद हुए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी शहादत की अवहेलना की गई है। डामोर ने कहा कि मानगढ़ धाम केवल एक पहाड़ी नहीं, बल्कि शहीद स्थल है।

## पायलट बोले- स्कूलों की बदहाली छुपाने के लिए दरवाजे बंद कर रही है सरकार, शिक्षा मंत्री पद पर रहने लायक नहीं



जयपुर। राजस्थान विधानसभा के मानसून सत्र का पहला दिन हंगामेदार रहा। स्कूलों की बदहाली को लेकर कांग्रेस विधायकों ने मार्च निकाला और विधानसभा के बाहर धरना दिया। धरने में बैठे पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने भी स्कूलों की बदहाली को लेकर सरकार पर हमला बोला। पायलट ने कहा कि स्कूलों की बदहाली सुधारने की बजाय सरकार सच्चाई को छुपाने के लिए प्रतिबंधों का सहारा ले रही है। पायलट ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, लेकिन सरकार का ध्यान व्यवस्था सुधारने की बजाय इस बात पर है कि स्कूल परिसर की फोटो और वीडियो बाहर नहीं जाए। पायलट ने कहा कि मानसून का दौर चल रहा है। स्कूलों की हालत जर्जर है, जो चिंता का कारण बनी हुई है। कहीं छत गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं तो पिछले साल कई बच्चों की मौत भी हो गई थी। ऐसी हालत में सरकार को तत्काल मरम्मत की व्यवस्था करनी चाहिए, लेकिन सरकार इसके उलट स्कूल परिसर में मीडिया और आम जनता के प्रवेश को लेकर पाबंदियां लगा रही है। सरकार की पहली प्राथमिकता स्कूल की कक्षाओं, भवन, परिसर और बच्चों की सुरक्षा तथा उनके खाने-पीने की व्यवस्था होनी चाहिए। पायलट ने कहा कि स्कूलों की हालत सुधारने के लिए हाईकोर्ट भी कई बार सरकार को फटकार लगा चुका है। जनता भी लगातार मांग उठा रही है, लेकिन सरकार किसी की सुनवाई नहीं कर रही है। सचिन पायलट ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर पर निशाना साधते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री की जिम्मेदारी बच्चों को सुरक्षित और बेहतर शिक्षा का वातावरण उपलब्ध कराने की है। स्कूलों की हालत जर्जर है और बच्चों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं तो इसकी जवाबदेही होनी चाहिए। शिक्षा मंत्री को अपने पद पर रहने का अधिकार नहीं है। पायलट ने कहा कि मुख्यमंत्री को इस मामले में गंभीरता से कदम उठाना चाहिए। सरकार के पास दूसरी योजनाओं पर खर्च करने के लिए हजारों करोड़ रुपए हैं, लेकिन स्कूलों की मूलभूत व्यवस्था सुधारने के लिए सरकार गंभीर नजर नहीं आती है।

उन्होंने आरोप लगाया कि हमारी सरकार ने स्कूल खोले थे, लेकिन यह सरकार स्कूलों को बंद करने पर तुली हुई है। कई जगह बच्चे खुद धरने पर बैठे हैं। कहीं स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं तो कहीं मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। सचिन पायलट ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा पंडित नेहरू और इंदिरा गांधी का नाम लेती है, लेकिन यह नहीं बताती कि पिछले 12 सालों में उनकी सरकार ने क्या किया है। पायलट ने कहा कि दिल्ली में छात्रों के आंदोलन के दौरान पेलेट गन का इस्तेमाल हुआ। उन्होंने दावा किया कि इससे एक छात्र की आंख चली गई। बिहार में एके-47 से फायरिंग हुई।

## न्याय के लिए जम्मू-कश्मीर जाने की जरूरत नहीं; लद्दाख में बैठेगी उच्च न्यायालय की एक बेंच

नई दिल्ली। न्याय पाने के लिए लद्दाख के लोगों को अब जम्मू-कश्मीर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यहां के लोगों को केंद्र सरकार ने बड़ी सौगात देते हुए तय किया है कि लद्दाख में जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय की एक बेंच स्थापित की जाएगी। इस बात की जानकारी खुद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दी। उन्होंने बताया कि सरकार लद्दाख के सर्वांगीण विकास और संवैधानिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा कि पीएम मोदी के के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लद्दाख में जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय की एक बेंच स्थापित करने का निर्णय लिया है। इससे लद्दाख के दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले नागरिकों के लिए न्याय तक पहुंच काफी बेहतर होगी, क्योंकि उन्हें मिलने वाली कानूनी सेवाओं के लिए लगने वाला समय कम हो जाएगा। इस दौरान लोगों को काफी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ता था।

## वंदे मातरम् गायन पर सियासी घमासान, जूली बोले- कांग्रेस साजिश का शिकार हुई



जयपुर। राजस्थान विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन कांग्रेस विधायकों के सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं होने को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए। सत्ता पक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस विधायक वंदे मातरम् के गायन से बचने के लिए सदन में नहीं पहुंचे। वहीं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस विधायक बहिष्कार के कारण नहीं, बल्कि विधानसभा के गेट पर रोके जाने के कारण सदन में नहीं पहुंच सके। जूली ने कहा कि कांग्रेस वंदे मातरम् का सम्मान करती है और लंबे समय से पार्टी के कार्यक्रमों एवं अधिवेशनों में इसका गायन होता रहा है। उन्होंने भाजपा पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस पर वंदे मातरम् के अपमान का आरोप लगाना गलत है। जूली ने कहा कि गांधी, नेहरू और सरदार पटेल के समय से कांग्रेस के कार्यक्रमों में वंदे मातरम् का गायन होता आया है और पार्टी आगे भी इसका सम्मान करती रहेगी। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि विधानसभा पहुंचने पर कांग्रेस विधायकों को उस गेट से अंदर जाने से रोका गया, जिसका इस्तेमाल वे सामान्य तौर पर करते रहे हैं। जूली के अनुसार उस समय उन्हें इसकी वजह समझ नहीं आई, लेकिन बाद में सत्ता पक्ष की ओर से वंदे मातरम् को लेकर लगाए गए आरोपों के बाद उन्हें लगा कि यह पूरी घटना एक साजिश का हिस्सा थी। उन्होंने कहा कि यदि गेट बंद नहीं किया जाता तो कांग्रेस विधायक सदन की कार्यवाही में शामिल होते। जूली ने कहा कि जनता विधानसभा में वंदे मातरम् को लेकर राजनीतिक विवाद नहीं, बल्कि शिक्षा, रोजगार, कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा जैसे वास्तविक मुद्दों पर चर्चा चाहती है। उन्होंने सरकार से इन मुद्दों पर जवाब देने की मांग की और कहा कि विधानसभा का इस्तेमाल जनता की समस्याओं पर चर्चा के लिए होना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस विधायक विधानसभा में प्रवेश से रोके जाने के मामले में विशेषाधिकार नोटिस देंगे। उन्होंने कहा कि विधायकों को सदन में आने से रोकना उनके विशेषाधिकार का गंभीर उल्लंघन है। जूली ने सरकार पर जनप्रतिनिधियों और मीडिया पर पाबंदियां लगाने का आरोप भी लगाया। वंदे मातरम् को लेकर शुरू हुआ यह विवाद अब विधानसभा के भीतर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच राजनीतिक टकराव का मुद्दा बन गया है।

## जापान के रक्षा मंत्री ने पीएम मोदी से की मुलाकात, रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर हुई चर्चा

नई दिल्ली। जापान के रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइजुमी ने भारत की आधिकारिक यात्रा के दौरान गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-जापान रक्षा सहयोग और द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने जुलाई 2026 में आयोजित 16वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए भारत आईं जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची के साथ हुई विस्तृत बातचीत को याद किया और भारत-जापान रक्षा सहयोग में लगातार हो रही प्रगति की सराहना की। प्रधानमंत्री ने भारत और जापान के बीच विशेष सामरिक एवं वैश्विक साझेदारी (स्पेशल स्ट्रैटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप) को और सुदृढ़ बनाने के अपने दृष्टिकोण को साझा किया। पीएम मोदी ने जापान के लिए भारतीय रक्षा क्षेत्र में साझेदारी के अवसरों का भी उल्लेख किया।

## सदन में विपक्ष की गैरमौजूदगी पर अध्यक्ष का छलका दर्द, सत्ता पक्ष बोला- दिल्ली के इशारे पर लोकतंत्र की हत्या



जयपुर। राजस्थान विधानसभा सत्र के पहले दिन विपक्ष ने सदन की कार्यवाही में हिस्सा नहीं लिया। विपक्षी विधायकों की गैरमौजूदगी को लेकर सत्ता पक्ष ने नाराजगी जताई। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सदन में विपक्ष की खाली सीटों को लेकर पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि विपक्ष को अपने मुद्दे सदन के भीतर रखने का पूरा अधिकार है, इसलिए उसे विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होना चाहिए। वहीं, सत्ता पक्ष ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली के इशारे पर लोकतंत्र की हत्या की गई। सदन में गीतांजलि विश्वविद्यालय और राजस्थान वृक्ष संरक्षण विधेयक सदन के पटल पर रखे गए। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि विपक्ष के पास जनता से जुड़े विषयों को सदन में उठाने का पूरा अवसर और अधिकार है। ऐसे में सदन में नहीं आने के बजाय विपक्ष को अपनी बात सदन के भीतर रखनी चाहिए। सदन में विपक्ष की खाली सीटों को देख पीड़ा हो रही है। विपक्ष को अपने मुद्दे सदन के भीतर रखने का पूरा अधिकार और सम्मान है। जनता के मुद्दों के लिए सदन में विपक्ष की मौजूदगी जरूरी है और सभी को सहयोग करना चाहिए।

# रक्षाबंधन पर राजस्थान सरकार की सौगात! महिलाओं व छात्राओं के लिए सभी बसों में 2 दिन यात्रा मुफ्त

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। रक्षाबंधन पर्व पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महिलाओं और बालिकाओं के लिए सौगात दी है। रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर महिलाओं और बालिकाओं को राजस्थान रोडवेज की बसों में दो दिन निःशुल्क यात्रा सुविधा दिए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य सरकार की अनुमति के बाद बालिकाओं और महिलाओं को रक्षाबंधन पर दो दिन राजस्थान रोडवेज की समस्त श्रेणी की बसों में राजस्थान राज्य की सीमा में निःशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। हालांकि वातानुकूलित, वॉल्वो और अखिल भारतीय अनुज्ञा पत्रों पर संचालित बसें इस सुविधा से बाहर रहेंगी। 28 और 29 अगस्त को निःशुल्क यात्रा सुविधा दिए जाने के आदेश जारी किए गए हैं। बस में परिचालक की ओर से महिलाओं और बालिकाओं को निःशुल्क यात्रा टिकट भी जारी किए जाएंगे। रोडवेज अधिकारियों के मुताबिक 28 और 29 अगस्त को राजस्थान रोडवेज की साधारण और एक्सप्रेस बसों में महिलाओं और बालिकाओं को निःशुल्क यात्रा सुविधा दी गई है। निःशुल्क यात्रा सुविधा 27 और 28 अगस्त की मध्यरात्रि 12:00 बजे से लेकर 29 और 30 अगस्त की मध्यरात्रि 23:59 बजे तक रहेगी। बसों में निःशुल्क यात्रा केवल राजस्थान राज्य की सीमा में ही मान्य होगी। वातानुकूलित, वॉल्वो और अखिल भारतीय अनुज्ञा पत्रों पर संचालित बसों में यात्रा फ्री नहीं होगी। राजस्थान की सीमा में ही निःशुल्क यात्रा का लाभ मिलेगा। राजस्थान से बाहर जाने के लिए टिकट का चार्ज देना पड़ेगा। निःशुल्क यात्रा की सुविधा केवल राजस्थान राज्य की सीमा के भीतर लागू रहेगी। यदि कोई महिला या बालिका राजस्थान से बाहर किसी अन्य राज्य तक यात्रा करती है, तो राजस्थान की सीमा से आगे की यात्रा के लिए निर्धारित किराया देना होगा। यानी रोडवेज बस का अंतरराज्यीय सफर पूरी तरह निःशुल्क नहीं होगा। वहीं, वातानुकूलित बसों, वॉल्वो बसों और अखिल भारतीय अनुज्ञा पत्र पर संचालित बसों को इस सुविधा में शामिल नहीं किया गया है। इन बसों में यात्रा करने वाली महिलाओं और बालिकाओं को सामान्य नियमों के अनुसार किराया देना होगा। राज्य सरकार के निर्देश के अनुसार 28 और 29 अगस्त को महिलाओं एवं बालिकाओं को राजस्थान रोडवेज की पात्र बसों में निःशुल्क यात्रा कराई जाएगी। इसके लिए परिचालकों को निःशुल्क यात्रा टिकट जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। रक्षाबंधन पर बड़ी संख्या में महिलाएं अपने मायके और परिवार के अन्य सदस्यों से मिलने के लिए यात्रा करती हैं। ऐसे में सरकार के इस फैसले से त्योहार के दौरान रोडवेज बसों से सफर करने वाली महिलाओं और बालिकाओं को आर्थिक राहत मिलने के साथ आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है। रोडवेज अधिकारियों ने पात्र यात्रियों से यात्रा से पहले बस की श्रेणी और रूट की जानकारी करने की अपील की है, ताकि वे निःशुल्क यात्रा सुविधा की शर्तों के अनुसार ही सफर कर सकें। रोडवेज बस में यात्रा करने वाली महिला या बालिका को परिचालक की ओर से निःशुल्क यात्रा टिकट जारी किया जाएगा। इससे यात्रा का रिकॉर्ड भी दर्ज रहेगा और यात्रियों को सुविधा का लाभ लेने में परेशानी नहीं होगी। टिकट जारी करते समय परिचालकों को सरकार की ओर से तय नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार की ओर से दी गई यह सुविधा केवल निर्धारित अवधि और पात्र बसों में ही लागू होगी। इसलिए यात्रियों को बस में चढ़ने से पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि संबंधित बस साधारण या एक्सप्रेस श्रेणी की है और उस पर अखिल भारतीय अनुज्ञा पत्र के तहत संचालन नहीं हो रहा है। यदि कोई महिला या बालिका राजस्थान से किसी दूसरे राज्य के शहर तक रोडवेज बस से यात्रा करती है, तो राजस्थान की सीमा तक ही यात्रा निःशुल्क रहेगी। राज्य की सीमा पार करने के बाद के हिस्से का निर्धारित किराया यात्री को देना होगा। रक्षाबंधन के अवसर पर हर साल बड़ी संख्या में महिलाएं और बालिकाएं बसों से यात्रा करती हैं।



## संपादकीय

### निकाय व पंचायतीराज चुनाव की तैयारियों की समीक्षा, कलेक्टर-एसपी ने दिए आवश्यक निर्देश



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

चूरू। नगर निकाय एवं पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अभिषेक सुराणा तथा पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने गुरुवार को सरदारशहर पुलिस थाने में बैठक लेकर चुनावी तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। अधिकारियों ने चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और संवेदनशील क्षेत्रों व संभावित गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाए। उन्होंने आदर्श आचार संहिता की पालना, मतदान केंद्रों पर आधारभूत सुविधाओं और निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। इस दौरान डीवाईएसपी कुलदीप वालिया, सरदारशहर नगर परिषद आयुक्त मघराज डूडी, बीडीओ महेंद्र सोलंकी, थानाधिकारी धीरेन्द्र सिंह, भानीपुरा थानाधिकारी मांगूसिंह, भानीपुरा तहसीलदार ओमप्रकाश सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम रामसिंह राजावत ने अधिकारियों को क्षेत्र में की जा रही तैयारियों की जानकारी दी।

### नशा तस्करों पर बीकानेर पुलिस का बड़ा प्रहार, 1.41 करोड़ की अवैध संपत्ति फ्रीज

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। ऑपरेशन नीलकंठ के तहत बीकानेर पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों और संगठित अपराध से जुड़े लोगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा 68F के तहत करीब 1 करोड़ 41 लाख 85 हजार रुपए की अवैध रूप से अर्जित संपत्तियां फ्रीज करवाई हैं। कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में की गई। सदर थाना क्षेत्र में मेहरूनिशां पत्नी मुराद अली की करीब 1 करोड़ रुपए* की संपत्ति फ्रीज की गई। इसमें भुट्टों का बास स्थित करीब 36 लाख रुपए कीमत का रिहायशी मकान और चुना भट्ठा के पास राजीव नगर स्थित करीब 64 लाख रुपए का आवासीय भूखंड शामिल है। रणजीतपुरा थाना क्षेत्र में पूनमचंद बिश्नोई पुत्र जयसुखराम उर्फ जस्सराम की करीब 4.85 लाख रुपए की संपत्ति फ्रीज की गई। इसमें महिंद्रा बोलेरो कैंपर, इलेक्ट्रिक स्कूटर सहित अन्य संपत्तियां शामिल हैं।

## समान ग्रेड की भर्तियों में साक्षात्कार की दोहरी व्यवस्था समाप्त हो: रविंद्र सिंह भाटी

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान विधानसभा सत्र के पहले दिन शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने 4200 ग्रेड पे तक की सरकारी भर्तियों में साक्षात्कार की व्यवस्था समाप्त करने की मांग उठाई। भाटी विधानसभा भवन में तख्ती लेकर पहुंचे और कहा कि प्रदेश के लाखों युवा सरकारी नौकरी के लिए वर्षों तक मेहनत करते हैं। ऐसे में चयन प्रक्रिया समान अवसर, पारदर्शिता और योग्यता के स्पष्ट मापदंडों पर आधारित होनी चाहिए। भाटी ने कहा कि केंद्र सरकार सहित 20 से अधिक राज्यों में 4200 ग्रेड पे तक की कई सरकारी भर्तियों में साक्षात्कार समाप्त कर चयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाया जा चुका है। ऐसे में राजस्थान में समान ग्रेड की भर्तियों में लिखित परीक्षा के बाद भी साक्षात्कार जारी रहने से युवाओं के बीच दोहरी चयन व्यवस्था को लेकर सवाल उठते हैं। इसके अलावा RPSC की सहायक आचार्य कॉलेज शिक्षा, लाइब्रेरियन, PTI, सब इंस्पेक्टर, प्लाटून कमांडर, डिप्टी जेलर, विधि रचनाकार, कनिष्ठ विधि अधिकारी सहित कई पदों की भर्ती प्रक्रियाओं में भी साक्षात्कार शामिल है। उन्होंने कहा कि जिन पदों पर साक्षात्कार की वास्तविक आवश्यकता नहीं है, वहां इसे समाप्त किया जाना चाहिए।




## स्कूलों में मीडिया पाबंदी, बदहाल शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ जूली ने निकाला सविनय अवज्ञा मार्च

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन कांग्रेस विधायक दल ने सरकारी स्कूलों की बदहाल स्थिति और स्कूलों में प्रवेश तथा फोटो-वीडियो को लेकर लगाई गई पाबंदियों के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व में विधानसभा तक 'सविनय अवज्ञा मार्च' निकाला। सुबह सेठ आनंदीलाल पोद्दार मूक-बधिर विद्यालय पहुंचे जूली को बच्चों से मिलने और विद्यालय की स्थिति का जायजा लेने की अनुमति नहीं दी गई। इसके बाद कांग्रेस विधायक हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर करीब ढाई किलोमीटर पैदल मार्च करते हुए विधानसभा पहुंचे और धरना दिया। जूली ने कहा कि करीब 15 दिन पहले विद्यालय की खराब स्थिति, गंदे पानी और गंदगी से भरे शौचालयों की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने वहां जाकर बच्चों से मुलाकात की थी और दोबारा मिलने का भरोसा दिया था। गुरुवार को जब वे फिर विद्यालय पहुंचे तो उन्हें प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई।

## आदिवासी समाज का प्रदर्शनः कंवर लाल-नरेश मीणा की रिहाई की मांग, सरकार को दिया आंदोलन का अल्टीमेटम

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

झालावाड़। आदिवासी समाज से जुड़े दो नेताओं की जेल से रिहाई की मांग को लेकर आदिवासी समाज ने गुरुवार को झालावाड़ से बिगुल फूंक दिया। भाजपा नेता कंवर लाल मीणा और नरेश मीणा की रिहाई को लेकर मिनी सचिवालय के बाहर प्रदर्शन किया गया। बाद में समाज के प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। इसमें पूर्व विधायक कंवर लाल मीणा की दया याचिका पर शीघ्र निर्णय और नरेश मीणा के खिलाफ दर्ज मुकदमों में निष्पक्ष जांच की मांग की गई। समाज का प्रतिनिधित्व कर रहे नवल मीणा ने बताया कि करीब 25 साल पुराने मामले में कंवर लाल मीणा जेल में बंद हैं। वह भाजपा से विधायक रह चुके हैं। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद वह 19 माह की सजा पूरी कर चुके हैं। समाज उनकी दया याचिका पर अब तक निर्णय नहीं होने से आहत है। ज्ञापन में उनके राजनीतिक, सामाजिक और आदिवासी हितों से जुड़े योगदान का भी उल्लेख किया गया। मीणा समाज सेवा समिति के भरत मीणा ने नरेश मीणा के खिलाफ दर्ज एफआईआर को राजनीतिक द्वेष से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि मनोहरथाना के पिपलोद में स्कूल बस हादसे के बाद नरेश मीणा पीड़ित परिवारों की मदद और न्याय की मांग को लेकर अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने जिला अस्पताल में किसी को चोट पहुंचाने या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास नहीं किया। समाज ने सरकार पर आदिवासी नेताओं और युवाओं की आवाज दबाने का आरोप लगाया और कहा कि दोनों मामलों में सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर प्रदेशभर में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन किया जाएगा। समाज ने फिलहाल आंदोलन को शांतिपूर्ण और संवैधानिक रखने की बात कही है। समाज के कुछ प्रतिनिधि दोनों मामलों को लेकर सरकार से काफी खफा हैं। वे रास्ता रोककर धरना-प्रदर्शन की बात भी कर रहे हैं। अब आदिवासी समाज की निगाहें सरकार और प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि दोनों मामलों को लेकर सरकार को जल्द स्पष्ट और निष्पक्ष निर्णय लेना चाहिए, ताकि समाज में असंतोष की स्थिति और न बढ़े। प्रतिनिधियों के अनुसार, ज्ञापन के माध्यम से सरकार तक अपनी मांग पहुंचाने के बाद अब प्रशासन की ओर से होने वाली कार्रवाई का इंतजार किया जाएगा। आदिवासी समाज के नेताओं ने कहा कि यदि कंवर लाल मीणा की दया याचिका पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया और नरेश मीणा के मामले में निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो आंदोलन को जिला स्तर से प्रदेश स्तर तक ले जाया जाएगा।




## राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास को मिला 6 महीने का सेवा विस्तार

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। केंद्र सरकार ने राजस्थान के मुख्य सचिव एवं 1989 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी वी. श्रीनिवास को 6 महीने का सेवा विस्तार (Service Extension) प्रदान किया है। कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (DoPT) ने इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिए हैं।

28 फरवरी 2027 तक पद पर रहेंगे कार्यरत DoPT द्वारा राजस्थान सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव को भेजे गए पत्र के अनुसार, राज्य सरकार के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। अखिल भारतीय सेवा नियमावली (AIS DCRB Rules, 1958) के नियम 16(1) के तहत श्री वी. श्रीनिवास का कार्यकाल 1 सितंबर 2026 से बढ़ाकर 28 फरवरी 2027 तक कर दिया गया है।

## भाजपा को झटकाः दो बार महापौर रहे धर्मेंद्र गहलोत ने छोड़ी पार्टी

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**



अजमेर। नगर निगम चुनाव से पहले भाजपा को अजमेर में बड़ा झटका लगा है। दो बार महापौर रह चुके धर्मेंद्र गहलोत ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने वीडियो जारी कर पार्टी छोड़ने की जानकारी दी और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी पर विरोधियों को कमजोर करने तथा दबाव बनाने के आरोप लगाए। गहलोत ने कहा कि देवनानी से उनकी लड़ाई जारी रहेगी और वे किसी दबाव के सामने नहीं झुकेंगे। भाजपा ने हाल ही में धर्मेंद्र गहलोत को नागौर नगर परिषद चुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त किया था, लेकिन उन्होंने यह जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया। इसके साथ ही पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। गहलोत ने कहा कि भाजपा ने उन्हें राजनीतिक पहचान दी और इसके लिए वे पार्टी के आभारी हैं, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में वे प्रभारी का दायित्व नहीं संभाल सकते। गहलोत ने आरोप लगाया कि देवनानी के साथ उनके मतभेद लंबे समय से चले आ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि स्वायत्त शासन विभाग के माध्यम से उनके खिलाफ दो पुराने मामलों में नोटिस भेजे गए हैं। उनका आरोप है कि चुनाव के समय नोटिस भेजकर उन पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। गहलोत ने कहा कि वे किसी भी दबाव में नहीं आएंगे और अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। गहलोत ने अजमेर नगर निकाय के पूर्व अध्यक्ष वीर कुमार का जिक्र करते हुए कहा कि वे उनके राजनीतिक शिष्य रहे हैं और जिस तरह वीर कुमार किसी के सामने नहीं झुके, उसी तरह वे भी देवनानी के सामने नहीं झुकेंगे। उनके इस्तीफे के बाद अजमेर में भाजपा की अंदरूनी राजनीति और नगर निगम चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। धर्मेंद्र गहलोत के भाजपा छोड़ने के ऐलान के बाद कांग्रेस ने भी उन्हें समर्थन देने के संकेत दिए हैं। कांग्रेस शहर अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल ने देवनानी पर दबाव की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस जल्द ही गहलोत से संपर्क करेगी।

## 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार': जयपुर में 2865 किलो दूषित मिठाइयां नष्ट, अलवर में 10,070 किलो मसाले जब्त

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग ने गुरुवार को जयपुर और अलवर में बड़ी कार्रवाई की। इसके तहत जयपुर में 2865 किलो दूषित मिठाइयां नष्ट कराई गई, वहीं अलवर में 10,070 किलो मसाले जब्त किए गए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशन एवं संयुक्त आयुक्त डॉ. विजय प्रकाश शर्मा के सुपरविजन में कार्रवाई करते हुए 2865 किलो दूषित मिठाइयां नष्ट कराई गई और 10,070 किलो मसाले जांच रिपोर्ट आने तक जब्त किए गए। सांगानेर में एक फर्म के कारखाने में 107 जंग लगे टीनों में करीब 1605 किलो सड़ी एवं दुर्गंधयुक्त मिठाइयां मिलीं। मौके पर कीड़े पड़ी चाशनी, अत्यधिक गंदगी, खाद्य सामग्री के पास एसिड के कैन तथा अन्य गंभीर अनियमितताएं भी मिलीं। टीम ने पूरी मिठाई मौके पर नष्ट कराई और मावा व काजू कतली के नमूने लिए। ग्राम घेघा, बगरू स्थित एक मिठाई की दुकान पर कार्रवाई के दौरान करीब 1260 किलो मिल्क केक एवं डोडा बर्फी नष्ट कराई गई। बिना खाद्य लाइसेंस संचालित निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाया गया। अलवर एमआईए स्थित एक स्पाइसेज फर्म से धनिया, हल्दी, मिर्च एवं मिश्रित मसालों के 8 नमूने लिए गए। जांच रिपोर्ट आने तक 4500 किलो धनिया, 3000 किलो हल्दी, 2400 किलो मिर्च और 170 किलो मिक्स मसाले जब्त किए गए। असुरक्षित पाए गए धनिया पाउडर के बैच नंबर AS-159 के लिए रिकॉल के निर्देश दिए गए। विभाग का कहना है कि जहां भी खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया जाएगा, वहां नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।



## राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

सरदारशहर। स्थानीय विधायक अनिल शर्मा के आवास स्थित कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस नेता उमरदीन सैयद ने कहा कि राजीव गांधी ने आधुनिक भारत का सपना देखा और देशहित में कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने युवाओं को कम उम्र में मतदान का अधिकार दिलाने सहित अनेक महत्वपूर्ण फैसलों के माध्यम से देश के विकास में योगदान दिया। सेवादल जिलाध्यक्ष संजय दीक्षित ने कहा कि राजीव गांधी के कार्यकाल में देश में संचार क्रांति की शुरुआत हुई, जिसने भारत को आधुनिक तकनीक की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके प्रयासों का परिणाम आज आधुनिक भारत के रूप में दिखाई दे रहा है। इस अवसर पर महावीर माली, दुर्गाराम पारीक, मनफूल खान फौजी, लाल बहादुर सेवदा, राजू खोखर, ओमप्रकाश मेघवाल, मोतीलाल जाखड़, परमेश्वर दुबे, सीताराम चौहान, नूर मोहम्मद, रिजवान सैयद, शेरा बिसायती, आरिफ काजी, विमल जमड, शांतिलाल नाहटा, लूणाराम सैनी, महावीर पूनिया, किशन सिंवर, श्याम पारीक, बिरू तेली, वासुदेव गौड़, शेखर सोनी, भवानीशंकर सैनी, सत्यनारायण बोचीवाल, अमित सोनी, किशन देराजसर, मदन सुथार, रेखाराम हरितवाल सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने राजीव गांधी के जीवन और उनके राजनीतिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश को आधुनिक तकनीक और नई सोच से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की। वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी ने युवाओं को राजनीति और लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने पर विशेष जोर दिया तथा पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाने की दिशा में भी काम किया। उस दौर में शुरू हुई संचार क्रांति ने आने वाले वर्षों में देश में सूचना एवं तकनीकी क्षेत्र के विस्तार का मार्ग तैयार किया।



## राजस्थान/ प्रादेशिक

# बीकानेर हाउस में दस दिवसीय 'तीजोत्सव-2026' : रूडा और राजीविका उत्पादों को मिला जनसमर्थन

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में 24 अगस्त तक चलने वाले दस दिवसीय 'तीजोत्सव-2026' में राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों से आए स्वयं सहायता समूहों राजीविका और रूडा से जुड़े समूहों एवं अन्य विक्रेताओं द्वारा अपने उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं। खान-पान, पारंपरिक परिधान, हस्तशिल्प एवं अन्य स्थानीय उत्पादों के स्टॉलों पर आगंतुकों की अच्छी आवाजाही देखने को मिल रही है। इस अवसर पर प्रमुख आवासीय आयुक्त रोहित कुमार ने बताया कि तीजोत्सव में राजस्थान के अलग-अलग जिलों से आए छोटे-बड़े विक्रेता अपने उत्पादों को राजधानी के उपभोक्ताओं तक पहुंचाने में जुटे हुए हैं। राजस्थानी व्यंजन, पारंपरिक परिधान, साड़ियों, सूट, लहंगे, चूड़िया, लेदर के समान, सजावटी सामान, हैंड-पेंटेड वस्तुएं तथा हैंड-ब्लॉक प्रिंटेड कपड़े लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इन उत्पादों के माध्यम से आगंतुकों को राजस्थान के विभिन्न अंचलों की कला एवं स्थानीय शिल्प से परिचित होने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने बताया कि तीजोत्सव में राजीविका एवं स्वयं सहायता समूहों की सहभागिता से स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के छोटे कारोबारियों और महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं बिक्री का अवसर मिल रहा है। विभिन्न समूहों और विक्रेताओं की सहभागिता ने तीजोत्सव को राजस्थान की कला, खान-पान, परिधान एवं स्थानीय उद्यमिता के समन्वित मंच के रूप में स्थापित किया है। संयुक्त आवासीय आयुक्त रिंकु मीना ने बताया कि 24 अगस्त 2026 तक चलने वाले बीकानेर हाउस में आयोजित तीजोत्सव का उद्देश्य राजस्थान की लोक कला, संस्कृति, पारंपरिक खानपान एवं स्थानीय उत्पादों को राजधानी में व्यापक मंच उपलब्ध कराना है। उत्सव में विभिन्न जिलों से आए विक्रेताओं, राजीविका एवं स्वयं सहायता समूहों की सहभागिता से स्थानीय उत्पादों को नए बाजार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जयपुर के वैशाली नगर की विक्रेता ज्योति ने बताया कि बीकानेर हाउस के तीजोत्सव में उन्हें पहली बार अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर मिला है। वे हैंड-पेंटेड साड़ियों, सूट और लहंगों के साथ गोटा वर्क के उत्पाद लेकर आई हैं।




## बाल गृह का निरीक्षण, 25 बच्चों की सुविधाओं और व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

सरदारशहर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू की सचिव ने मंगलवार को सरदारशहर स्थित गांधी विद्या मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गृह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाल गृह में रह रहे बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान बाल गृह में 25 बच्चे उपस्थित मिले, जिनमें 14 बालक और 11 बालिकाएं शामिल थीं। दोनों के लिए पृथक आवासीय व्यवस्था पाई गई। सचिव ने आवास, भोजन, पेयजल, साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनकी दिनचर्या, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही बाल गृह प्रबंधन से बच्चों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सा एवं उपचार की व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि बाल गृह में रहने वाले बच्चों के संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं प्रभावी रूप से उपलब्ध कराना जरूरी है।

## यूएई की कंपनियां राजस्थान के हॉस्पिटिलिटी सेक्टर में निवेश करने को इच्छुक

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को जयपुर के रामबाग पैलेस होटल में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन मंत्री अब्दुल्ला बिन तौक-अल-मरी के साथ यूएई-राजस्थान टूरिज्म और इन्वेस्टमेंट राउंड टेबल बैठक में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने यूएई को राजस्थान में ऊर्जा, हॉस्पिटिलिटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किले, महल, हवेलियों, रेगिस्तान, अभ्यारण्य, जेम्स एंड ज्वेलरी, हैंडिक्राफ्ट, टैक्सटाइल्स, खनिज से समृद्ध राजस्थान में यूएई की कंपनियों के लिए निवेश की अपार संभावनाएं हैं। राजस्थान में निवेश के लिए प्रदेश सरकार हर संभव सहयोग करेगी। यहां निवेश करने पर केवल फायदा ही होगा, नुकसान नहीं। इसमें राजस्थान के भी बहुत से प्रवासी शामिल हैं।



## राज्य स्तरीय जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। जिला कबड्डी संघ के तत्वावधान में डॉ. करणी सिंह स्टेडियम के मल्टीपरपज हॉल में चल रही 52वीं राज्य स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को कई रोमांचक मुकाबले हुए। प्रदेशभर से पहुंचे खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाया। दूसरे दिन के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकानेर पुलिस के एडिशनल एसपी चक्रवर्ती सिंह राठौड़ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ निरंतर अभ्यास करने का आह्वान किया।



## नशे के खिलाफ बीकानेर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 68.84 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। जिले में संगठित अपराध और मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बीकानेर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 अप्रैल से 19 अगस्त 2026 तक करीब *68 करोड़ 84 लाख 82 हजार 900 रुपए* कीमत का अवैध मादक पदार्थ जब्त किया है। इस दौरान पुलिस ने 214 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि तीन नाबालिगों को निरुद्ध किया गया। पुलिस के अनुसार कार्रवाई में 23.781 किलो हेरोइन, 772.63 ग्राम स्मैक, 13.132 किलो अफीम, 7.482 किलो गांजा, 890.86 किलो डोडा, 199.94 ग्राम एमडीएमए और 431.10 ग्राम एमडी बरामद किया गया। इसके अलावा 54,010 कैप्सूल और 13 शीशियां भी जब्त की गईं। मादक पदार्थों की बिक्री से प्राप्त 64 लाख 8 हजार 915 रुपए की नकदी भी बरामद हुई। पुलिस ने एक आईफोन के साथ 11 विदेशी पिस्टल, 32 मैगजीन और कारतूस भी बरामद किए।

## जयपुर में कोचिंग सेंटरों पर JDA की कार्रवाई, 200 से ज्यादा संस्थानों की हड़ताल से मचा हड़कंप

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजधानी जयपुर में जयपुर विकास प्राधिकरण (JDA) और कोचिंग संस्थानों के बीच विवाद बढ़ता जा रहा है। गोपालपुरा बाईपास स्थित कई कोचिंग संस्थानों को JDA ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का हवाला देते हुए नोटिस जारी कर निर्धारित अवधि में संचालन बंद करने के निर्देश दिए हैं।

कार्रवाई के विरोध में जयपुर के 200 से अधिक कोचिंग संस्थानों ने गुरुवार को एक दिवसीय हड़ताल की। JDA की ओर से 19 अगस्त को जारी नोटिस में कोचिंग संस्थानों को एक से सात दिन के भीतर संचालन बंद करने के निर्देश दिए गए। नोटिस में कहा गया कि इससे पहले 21 जुलाई को भी संस्थानों को नोटिस दिया गया था, लेकिन संचालन जारी रखा गया।

नोटिस मिलने के बाद कोचिंग संचालकों में नाराजगी बढ़ गई। कोचिंग एसोसिएशन ने कार्रवाई का विरोध करते हुए हड़ताल का ऐलान किया। हड़ताल को व्यापारियों और भवन मालिकों के संगठनों का भी समर्थन मिला।

वहीं, हड़ताल के बावजूद JDA ने कार्रवाई तेज कर दी। प्राधिकरण की टीम ने गोपालपुरा बाईपास क्षेत्र में जांच करते हुए अब तक एक कोचिंग सेंटर को सीज किया है, जबकि अन्य संस्थानों की भी जांच की जा रही है।

कोचिंग संचालकों का कहना है कि अचानक बड़ी संख्या में संस्थानों को बंद करने के निर्देश से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होगी। मामले को लेकर राजधानी में कोचिंग संस्थानों और प्राधिकरण के बीच टकराव बढ़ने के आसार हैं।



# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर कैंसर रोगियों के लिए बड़ी राहत, आरजीएचएस में कार-टी सेल थेरेपी का पैकेज अनुमत

**जयपुर, थिंक राजस्थान**


जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राज्य सरकार ने कर्मचारियों एवं उनके आश्रित परिवारजनों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा निर्णय करते हुए राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम में कैंसर उपचार के लिए अत्याधुनिक कार-टी सेल थेरेपी को अनुमत पैकेज में शामिल किया है। इस निर्णय से पात्र आरजीएचएस लाभार्थियों को गंभीर रक्त कैंसर के उपचार की इस आधुनिक एवं महंगी चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सकेगा। राज्य सरकार का यह निर्णय राजस्थान में आधुनिक कैंसर चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार और लाभार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। आरजीएचएस योजना में कारकृटी सेल थेरेपी को अनुमत पैकेज में शामिल करना गंभीर रक्त कैंसर से पीड़ित मरीजों और उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत है। इससे कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित रोगियों को नया जीवन मिल सकेगा और संकट की घड़ी में उनके परिवार आर्थिक चिंता से मुक्त रह सकेंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवारजनों की स्वास्थ्य सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है और इसी दिशा में आरजीएचएस को लगातार सुदृढ़, पारदर्शी एवं लाभार्थी-केंद्रित बनाया जा रहा है। सरकार के इस निर्णय का लाभ आरजीएचएस के पात्र लाभार्थियों के साथ-साथ राजस्थान राज्य पेंशनर्स मेडिकल कन्सेशन स्कीम, 2021 के अंतर्गत चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने वाले पेंशनर्स को भी मिलेगा। इसके अतिरिक्त आरसीएस (एमए) रूल्स, 2013 के अनुसार आरजीएचएस के माध्यम से चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने वाले लाभार्थी भी इस व्यवस्था के दायरे में होंगे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि कार-टी सेल थेरेपी के लिए अधिकतम 30 लाख रूपए तक का पैकेज स्वीकृत किया गया है। सपोर्टिव केयर एवं कॉम्प्लीकेशंस मैनेजमेंट में टोसिलीजुमेब, आईवीआईजी, अस्पताल में भर्ती तथा डिस्चार्ज के बाद 30 दिन की दवाइयां भी शामिल हैं।



## पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार का तिहाड़ में निधन

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

तिहाड़ जेल में बंद कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार का गुरुवार को 80 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्हें मृत अवस्था में सफदरजंग अस्पताल में लाया गया था। सज्जन कुमार दिसंबर 2018 से जेल में बंद थे। 7 साल 8 महीने जेल में रहने के बाद आज उनका निधन हो गया। उन्हें 1984 सिख विरोधी दंगों के दो मामलों में उम्रकैद की सजा मिली थी, जबकि दंगों से ही जुड़े दो केस में बरी हो गए थे।



# राजपूताना बिजनेस नेटवर्क 2026 का ग्रैंड कॉन्क्लेव 21 से 23 अगस्त तक बीकानेर में



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। अखंड राजपूताना सेवासंघ के सौजन्य एवं अखंड राजपूताना सेवा संघ सोशल फाउंडेशन के सहयोग से राजपूताना बिजनेस नेटवर्क 2026 का तीन दिवसीय ग्रैंड कॉन्क्लेव 21 से 23 अगस्त तक बीकानेर के ऐतिहासिक दरबार हॉल, लालगढ़ पैलेस में आयोजित होगा। कॉन्क्लेव की थीम 'फ्रॉम डायलॉग टू एक्शन, फ्रॉम विजन टू इंपैक्ट' रखी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर आर.पी. सिंह दुर्गवंश ने बताया कि कॉन्क्लेव में देश-विदेश से नीति-निर्माता, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, उद्योगपति, उद्यमी, निवेशक, महिला नेतृत्वकर्ता, शिक्षाविद् और सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल होंगे। आयोजन का उद्देश्य व्यवसाय, शासन, निवेश, नवाचार और सामाजिक प्रभाव से जुड़े लोगों को एक मंच पर लाकर संवाद को ठोस कार्ययोजना और साझेदारी में बदलना है।

21 अगस्त को कॉन्क्लेव का उद्घाटन होगा। पहले दिन राष्ट्र निर्माण, शासन एवं नीतिगत दिशा, अंतरराष्ट्रीय बिजनेस, ग्लोबल कनेक्ट, रियल एस्टेट, मैन्युफैक्चरिंग और महिला उद्यमिता पर सत्र होंगे। शाम को रॉयल कल्चरल इवनिंग आयोजित की जाएगी। 22 अगस्त को इंफ्रास्ट्रक्चर, रियल एस्टेट, माइनिंग, निवेश, टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप, ग्लोबल ट्रेड, उद्योग-रोजगार और महिला आर्थिक सशक्तिकरण सहित विभिन्न विषयों पर मंथन होगा। शाम को राजपूताना अचीवर्स अवॉर्ड, म्यूजिक नाइट और रॉयल फैशन शो आयोजित होंगे। 23 अगस्त को 'फ्यूचर रोडमैप एंड एक्शन प्लान' विषय पर राउंड टेबल आयोजित होगी। इसमें सम्मेलन के दौरान सामने आए विचारों और कारोबारी अवसरों को ठोस कार्ययोजना में बदलने पर चर्चा होगी। इसके बाद क्लोजिंग सेरेमनी में अगली कॉन्फ्रेंस के मेजबान शहर और संभावित तिथि की घोषणा की जाएगी। कॉन्क्लेव में अखंड राजपूताना सेवासंघ की वर्ष 2015-16 से 2024-25 तक की सामाजिक सेवा गतिविधियों की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाएगी।

## नगरीय निकाय चुनाव-2026 की तैयारियों को लेकर बैठक, अधिकारियों को समयबद्ध कार्य पूरा करने के निर्देश

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 की तैयारियों के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी (म्यूनिसिपल) संदेश नायक की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित ईआरओ एईआरओ सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में चुनाव प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से संपादित करने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता की सख्ती से पालना सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूचियों की शुद्धता एवं अद्यतन स्थिति, प्राप्त दावों एवं आपत्तियों के समयबद्ध निस्तारण, मतदान केन्द्रों के भौतिक सत्यापन तथा मतदान केन्द्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही सहायक मतदान केन्द्रों की स्थापना, संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों की पहचान, आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद निर्धारित समयावधि में सूचनाएं उपलब्ध करवाने तथा प्रशिक्षण एवं स्ट्रॉंग रूम के लिए स्थल चयन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में नगर पालिका चुनाव के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के संग्रहण एवं मतगणना स्थल के चयन, नाम निर्देशन प्राप्ति स्थल पर आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता, नाम निर्देशन से संबंधित स्टेशनरी एवं लोक सूचना नोटिस जारी करने, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के परिवहन एवं सीलिंग की तैयारियों, पीडब्ल्युडी (दिव्यांग) मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा सभी आवश्यक गतिविधियों की वीडियोग्राफी सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम राजीव द्विवेदी, अतिरिक्त जिला कलक्टर पूर्व नरेंद्र कुमार वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर चतुर्थ आशीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर दक्षिण युगांतर शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर उत्तर राजेंद्र सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर तृतीय देवयानी, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## वीबी-जी राम जी आयुक्त ने जिला परिषद सीईओ की बैठक ली, 'हरियालो राजस्थान' अभियान की प्रगति की समीक्षा

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। वीबी-जी राम जी योजना की आयुक्त पुष्पा सत्यानी ने सभी जिला परिषद सीईओ की गुरूवार को वी.सी.के माध्यम से बैठक ली और राज्य में इस योजना के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा एवं विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। वीसी के दौरान आयुक्त ने राज्य बजट की घोषणा अमृत पोषण वाटिका, संजीवनी पार्क, ग्रामीण हाट बाजार, ग्रामीण पुस्तकालय, नमो नर्सरी व एवं पशु आश्रय स्थल आदि कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयावधि में शत प्रतिशत प्रगति अर्जित करने, अधिक से अधिक श्रमिक नियोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रम, सामग्री एवं प्रशासनिक मद का भुगतान एसएनए स्पर्श के माध्यम से किये जाने की प्रगति की समीक्षा करते हुए भुगतान संबंधी सभी समस्याओं का 3 दिन के भीतर में समाधान करने के निर्देश दिए। हरियालो राजस्थान के तहत शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित करने के निर्देश देते हुए गत वर्ष लगाये गये पौधों का सत्यापन कर रिपोर्ट राज्य मुख्यालय को भिजवाने के निर्देश दिये।



## मनोरंजन समाचार

## सुनिधि चौहान ने अमिताभ बच्चन को बताया अपना पहला क्रश, KBC 18 पर किया खुलासा



अमिताभ बच्चन इंडस्ट्री में अपने शुरुआती सालों में बॉलीवुड के सबसे बेहतरीन एक्टर में से एक थे और दशकों बाद भी लोग उनका काम नहीं भूले हैं। वह हर किसी के पसंदीदा अभिनेता है, जिन्हें जनता से बहुत प्यार मिला है। अब प्लेबैक सिंगर सुनिधि चौहान ने भी बिग बी के प्रति अपने स्नेह का इजहार किया है। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ के क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' का नया प्रोमो सामने आया है, जो खास वजह से चर्चा में बना हुआ है। इस लेटेस्ट प्रोमो में सिंगर सुनिधि दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन को अपना पहला क्रश कहती है, जिसके बाद वे खुश हो जाते हैं। सोनी लिव के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किए गए प्रोमो में सुनिधि चौहान अभिनेता अमिताभ बच्चन की जमकर तारीफ करती हुई दिख रही हैं। वह कहती हैं, 'हमने आपको कई अलग-अलग अवतारों में देखा है। आप मेरे लिए सांता क्लॉज हैं। आप मेरे पहले क्रश थे।' बिग बी उन्हें बीच में रोकते हैं और जवाब देते हैं, 'आपको हम पर क्रश था, यह अब बता रही हैं आप, तब नहीं बताया।' बिग बी का जवाब सुन सुनिधि मुस्कुराने लगीं। सोशल मीडिया पर अमिताभ बच्चन के इस जवाब की खूब तारीफ हो रही है। इसके बाद सुनिधि हॉट सीट पर अपनी गायकी का जलवा दिखाती हैं और एपिसोड को एक छोटे से कॉन्सर्ट में बदल देती हैं। वह 2006 की फिल्म 'डॉन' का गाना 'ये मेरा दिल' गाती हैं। अमिताभ उनकी परफॉर्मेंस से मंत्रमुग्ध दिखते हैं और जोरदार तालियां बजाते हैं।

## प्रभास की सेहत को लेकर क्यों चिंतित हुए फैंस? ऑर्थोपेडिक सर्जन की पोस्ट ने खींचा ध्यान



पैन-इंडिया सुपरस्टार प्रभास के लिए शूटिंग के दौरान चोट लगना कोई नई बात नहीं है। 'बाहुबली', 'साहो', 'सालार' और दूसरी फिल्मों की शूटिंग के बाद उन्हें कई बार चोट लगी है, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। हाल ही में हैदराबाद के अपोलो हॉस्पिटल के एक ऑर्थोपेडिक सर्जन ने प्रभास के साथ एक तस्वीर पोस्ट की और उनके 'प्राइवेट सैक्रिफाइस' के बारे में लिखा। साथ ही उनकी हेल्थ अपडेट भी दी।

इस पोस्ट के वायरल होने के बाद से ही फैंस प्रभास की सेहत को लेकर चिंतित थे और उम्मीद कर रहे हैं कि वह ठीक हों। हैदराबाद के अपोलो हॉस्पिटल के ऑर्थोपेडिक सर्जन के.जे. रेड्डी घुटने, कूल्हे और स्पोर्ट्स इंजरी के एक्सपर्ट हैं, जिन्हें 35 साल से ज्यादा का अनुभव है और उन्होंने 1 लाख से ज्यादा सर्जरी की हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर प्रभास के साथ एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा, 'कुछ लोग अपनी सफलता से आपको प्रेरित करते हैं, जबकि दूसरे अपने विनम्र स्वभाव से गहरी छाप छोड़ते हैं।' तस्वीर में प्रभास डॉक्टर के साथ मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। सर्जन ने तस्वीर पर लिखा, 'सफलता से परे प्रेरणा, जब भी आप किसी सफल व्यक्ति को देखते हैं तो आपको सिर्फ उनकी सार्वजनिक उपलब्धियां दिखती हैं। उन तक पहुंचने के लिए किए गए निजी त्याग नहीं।'

सर्जन के.जे. रेड्डी एक्टर प्रभास का मेडिकल इलाज कर रहे हैं। उन्होंने इस पोस्ट में आगे कहा, 'प्रभास को जानना और उनकी सेहत की देखभाल की जिम्मेदारी मिलना खुशी की बात है। इतनी बड़ी सफलता के बावजूद, वे जमीन से जुड़े हुए इंसान हैं, मिलनसार और विनम्र इंसान हैं। उनका पॉजिटिव नजरिया और प्यारा स्वभाव उन्हें सच में खास बनाता है। उनके लिए हमेशा सफलता, अच्छी सेहत और खुशी की कामना करता हूं।' फैंस ने तुरंत पोस्ट के कमेंट सेक्शन में यह जानना चाहा कि क्या प्रभास ठीक हैं।

## आम्रपाली दुबे की इंस्टाग्राम फैमिली हुई 60 लाख की, फैंस को कहा-'तहे दिल से धन्यवाद'



भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री आम्रपाली दुबे फैंस के बीच अपने काम के साथ-साथ सोशल मीडिया सक्रियता के लिए भी जानी जाती हैं। अब अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक नया मुकाम हासिल कर लिया है।

दरअसल, इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री के 60 लाख फॉलोअर्स हो गए हैं।

गुरुवार को अभिनेत्री ने खुशी एक पोस्ट के जरिए फैंस के साथ शेयर की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वे 'तितली शहर' में शानदार एक्सप्रेशन के साथ लिपसिंक करती नजर आ रही हैं।

अभिनेत्री ने फैंस को धन्यवाद देते हुए लिखा, "60 लाख की मजबूत इंस्टाग्राम फैमिली बन गई है।

# हनी सिंह ने म्यूजिक लेबल पर लगाया परेशान करने का आरोप, बताया क्यों हो रही गानों की रिलीज में देरी?

रैपर हनी सिंह ने हाल ही में अपने फैंस के लिए इंस्टाग्राम पर एक लाइव सेशन किया, जिसमें उन्होंने म्यूजिक लेबल के साथ हुई परेशानियों के बारे में बात की। उन्होंने खास तौर पर कहा कि अगर ये परेशानियां न होतीं तो अब तक वे पांच गाने रिलीज कर चुके होते। वीडियो में उन्होंने दावा किया कि एक म्यूजिक लेबल उन्हें परेशान कर रहा है। हालांकि, उन्होंने उसका नाम नहीं बताया। हनी सिंह ने इस इंस्टाग्राम वीडियो में कहा, 'एक लेबल ने मुझे इतना तंग किया है, मेरा भोलेनाथ देख रहा है।' यह हिंट देते हुए कि लेबल एक पावरफुल ब्रांड है और उन्होंने कहा, 'अगर उन्हें गुरुर है कि वो बहुत बड़े हैं तो वो अहंकार तो रावण का भी नहीं रहेगा, मेरे दोस्त।' यो यो हनी सिंह का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद से ही चर्चा में है। रैपर ने आगे दावा किया कि इस तरह की दिक्कतों ने उनके म्यूजिक आउटपुट पर असर डाला है। उन्होंने कहा, 'लेबलों ने न मेरी इतनी बजा दी है न, इतना तंग किया है न मेरे को। नहीं तो मैं अभी तक आपको 1 महीने में 5 गाने देता। अभी तक



इन्हें मेरे को इतना डिस्टर्ब करके रखा हुआ है।' हालांकि, सिंगर ने लेबल का नाम नहीं बताया, लेकिन फैंस ने कमेंट सेक्शन में यह जानने के लिए बाढ़ ला दी कि वह किस लेबल की बात कर रहे हैं। बता दें कि हनी और बादशाह की लड़ाई भी चर्चा में बनी हुई है। हनी सिंह ने टी-सीरीज और जी म्यूजिक जैसे कई बड़े म्यूजिक लेबल के साथ काम किया है, जबकि उन्होंने माफिया मुंडेर रिकॉर्ड्स की भी शुरुआत की, जो उनके शुरुआती करियर से जुड़ा एक कंपनी है। हनी सिंह ने एमिवे बंटाई के साथ अपने कोलेबोरेशन के बारे में भी बताया और बताया कि गाना कब रिलीज हो सकता है। हनी ने कहा, 'एमिवे बंटाई के साथ जल्दी गाना करेंगे। मेरा मूड है कि इसी साल करें।' उन्होंने रैपर के लिए एक मैसेज भी दिया, जिसमें कहा, 'मेरे पास दुबई आओ, हबीबी। चलो गाना बनाते हैं।' हनी सिंह ने 'रामायण' में अभिनेता यश के अभिनय की भी तारीफ की, जो दो भाग में रिलीज होगी। उन्होंने कहा, 'यश भाई हैं हमारे बेंगलुरु से और वो रावण बने हैं...यश भाई क्या लग रहे हैं यार।' हनी सिंह ने आगे उम्मीद जताई कि फिल्म अच्छा प्रदर्शन करेगी और प्रशंसकों की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाएगी। हनी सिंह ने लाइव सेशन के दौरान अपने आने वाले म्यूजिक प्रोजेक्ट्स को लेकर भी कई बातें साझा कीं। उन्होंने बताया कि वह जल्द ही नए गानों पर काम कर रहे हैं और आने वाले समय में फैंस को लगातार नया म्यूजिक सुनने को मिल सकता है। हालांकि, उन्होंने किसी गाने की आधिकारिक रिलीज डेट का खुलासा नहीं किया। रैपर ने एमिवे बंटाई के साथ अपने संभावित कोलैबोरेशन को लेकर भी फैंस को उत्साहित किया। उन्होंने बताया कि दोनों के बीच गाना करने की योजना है और उनकी इच्छा है कि यह प्रोजेक्ट इसी साल रिलीज हो। हनी सिंह ने एमिवे को मजाकिया अंदाज में दुबई आने और साथ में गाना बनाने का न्योता भी दिया। हालांकि, गाने की थीम, नाम या रिलीज डेट से जुड़ी आधिकारिक जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है।

# गंगा माई की बेटियां बनी शुभांगी लाटकर की हिम्मत, बोलीं-मुश्किल वक्त में इस किरदार ने संभाला



टेलीविजन अभिनेत्री शुभांगी लाटकर इन दिनों टीवी सीरियल गंगा माई की बेटियां में गंगा माई की भूमिका में नजर आ रही हैं। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने बताया कि कैसे यह रोल मुश्किल दौर में उनके लिए हिम्मत का जरिया बना था। अभिनेत्री ने बताया कि स्क्रीन पर एक मजबूत और हिम्मती महिला का किरदार निभाने से उन्हें हिम्मत मिली और निजी जीवन में आए उतार-चढ़ाव से निपटने में भी मदद मिली। अभिनेत्री ने कहा, सीरियल में गंगा का किरदार निभाने से मुझे बहुत हिम्मत मिली है और शो के अलावा भी कई तरीकों से मुझे प्रेरणा मिली। भले ही मैं पर्सनली उनके हालात से रिलेट न कर पाऊं लेकिन मैं उनके कभी हार न मानने वाले जज्बे से गहराई से जुड़ती हूं। अभिनेत्री ने बताया कि उनकी जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव आए हैं। उन्होंने कहा, गंगा की तरह, मेरी जिंदगी में भी उतार-चढ़ाव आए हैं और ऐसे पल भी आए जब अपने पैरों पर वापस खड़े होने की हिम्मत जुटाना मुश्किल लगा लेकिन हर बार मैंने अपने डर का सामना करने, खुद को संभालने और आगे बढ़ने का फैसला किया। गंगा का सफर मुझे याद दिलाता है कि मुश्किलें आपको हिला सकती हैं लेकिन वे कभी भी आपको पराजित नहीं कर सकतीं। उसके हौसले ने मुझे अपनी जिंदगी में सच में प्रेरित किया है और मुझे उम्मीद है कि उसकी कहानी गंगा माई की बेटियां देखने वाले सभी लोगों को प्रेरित करती रहेगी। टीवी सीरियल गंगा माई की बेटियां की कहानी गंगा (शुभांगी लाटकर) के बारे में है, जिसे अपनी जिंदगी की सबसे बड़ी मुश्किलों में से एक का सामना करना पड़ता है, जब सालों की कड़ी मेहनत और प्यारी यादों से बना उसका प्यारा ढाबा आग में जलकर खाक हो जाता है। हालांकि, इस नुकसान से अपना हौसला तोड़ने के बजाय, गंगा नए सिरे से शुरुआत करने का फैसला करती है। अपनी जिंदगी को फिर से बनाने के पक्के इरादे के साथ, वह एक कुकिंग कॉम्पिटिशन में हिस्सा लेती है, उम्मीद करती है कि यह मौका उसे वह सब वापस पाने में मदद करेगा जो उसने खोया है। शो की कहानी में गंगा का यह संघर्ष केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उसके आत्मविश्वास और परिवार के भविष्य से भी जुड़ा हुआ है। ढाबे के जल जाने के बाद उसके सामने जिंदगी को दोबारा खड़ा करने की चुनौती आती है, लेकिन वह परिस्थितियों के सामने हार मानने के बजाय नए रास्ते तलाशती है। गंगा कुकिंग कॉम्पिटिशन को अपनी जिंदगी बदलने के एक अवसर के रूप में देखती है। उसके लिए यह प्रतियोगिता सिर्फ जीत हासिल करने का माध्यम नहीं, बल्कि अपने पैरों पर दोबारा खड़े होने और परिवार को सुरक्षित भविष्य देने की कोशिश है। कहानी आगे बढ़ने के साथ गंगा को कई नई चुनौतियों और भावनात्मक उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ता है। शुभांगी लाटकर के अनुसार, गंगा का सबसे मजबूत पक्ष उसका कभी हार न मानने वाला रवैया है। अभिनेत्री का मानना है कि यही गुण दर्शकों को भी मुश्किल परिस्थितियों से लड़ने और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दे सकता है। उन्होंने कहा कि किसी किरदार को निभाना केवल कैमरे के सामने अभिनय करना नहीं होता, बल्कि कई बार उस किरदार की सोच और भावनाएं कलाकार को निजी तौर पर भी प्रभावित करती हैं। गंगा के किरदार ने उन्हें यह समझने में मदद की कि जीवन में मुश्किल समय कितना भी लंबा क्यों न हो, दोबारा शुरुआत करने की संभावना हमेशा बनी रहती है। अभिनेत्री को उम्मीद है कि गंगा की कहानी दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ने के साथ उन्हें संघर्ष के समय हिम्मत बनाए रखने का संदेश भी देगी। खासतौर पर उन महिलाओं के लिए गंगा का सफर प्रेरणादायक हो सकता है, जो परिवार और निजी जिंदगी की चुनौतियों के बीच अपने सपनों और आत्मनिर्भरता के लिए लगातार संघर्ष करती हैं। शो में गंगा के सामने आने वाली नई परिस्थितियां कहानी को आगे बढ़ाएंगी, वहीं कुकिंग कॉम्पिटिशन उसके लिए अपनी प्रतिभा साबित करने और जिंदगी को फिर से संवारने का महत्वपूर्ण मौका बनता है। अब देखना दिलचस्प होगा कि गंगा अपने हुनर और हौसले के दम पर इस चुनौती का सामना कैसे करती है और क्या वह अपने पुराने जीवन को दोबारा खड़ा करने में सफल हो पाती है। कुकिंग कॉम्पिटिशन में हिस्सा लेने का उसका फैसला इसी जज्बे को दर्शाता है।

## महेश बाबू के भांजे जया कृष्णा की डेब्यू फिल्म 'श्रीनिवास मंगापुरम' का OTT पर धमाका, राशा थडानी भी आईं नजर



अजय भूपति की फिल्म 'श्रीनिवास मंगापुरम' तीन हफ्ते पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसे मिले-जुले रिव्यू मिले थे। महेश बाबू के भतीजे जया कृष्णा और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की यह फिल्म अब ऑनलाइन स्ट्रीम हो रही है। जया कृष्णा की पहली फिल्म को दर्शकों को से उम्मीद के अनुसार रिस्पांस नहीं मिला और उनका डेब्यू फ्लॉप रहा। जानिए इसे सिनेमाघरों में रिलीज होने के सिर्फ 21 दिन बाद कब और कहां देखा जा सकता है। बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म कोई खास कमाई नहीं कर पाई है। इसने दुनिया भर में 10 करोड़ से कम की कमाई की। 'श्रीनिवास मंगापुरम' सिनेमाघरों में रिलीज होने के तीन हफ्ते बाद 20 अगस्त को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो गई है। फिल्म के प्रेजेंटर, वैजयंती मूवीज ने रिलीज से सिर्फ एक दिन पहले घोषणा की थी कि फिल्म ऑनलाइन रिलीज होगी। रिलीज के बाद उन्होंने लिखा, 'इस सीजन की सबसे जबरदस्त लव स्टोरी को अपने घर बैठे देखें। #SrinivasaMangapuram अब @PrimeVideoIN पर स्ट्रीम हो रही है।' 'श्रीनिवास मंगापुरम' को अजय भूपति ने लिखा और डायरेक्ट किया है। इसे चंदामामा कथालु पिक्चर्स LLP के तहत पी. किरण ने प्रोड्यूस किया है। वैजयंती मूवीज के सी. अश्विनी दत्त ने इसे पेश किया।

## 'मुंढे जी! अब तो कॉकरोच घर पर आ रहे हैं', ग्रॉसरी डिलीवरी ऐप पर फूटा श्वेता तिवारी का गुस्सा, FDA कमिश्नर से लगाई गुहार



बॉलीवुड और टीवी जगत की जानी-मानी अभिनेत्री श्वेता तिवारी ने हाल ही में ऑनलाइन ग्रॉसरी शॉपिंग के दौरान हुए एक बेहद अप्रिय अनुभव को प्रशंसकों के साथ साझा किया। अभिनेत्री ने जब क्विक-कॉमर्स डिलीवरी प्लेटफॉर्म से ड्रिंक मंगवाया तो उसके साथ एक जिंदा कॉकरोच भी उनके घर पहुंच गया। इस लापरवाही से नाराज श्वेता ने सोशल मीडिया का सहारा लेते हुए महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन के कमिश्नर तुकाराम मुंढे का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। श्वेता तिवारी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो पोस्ट कर पूरी घटना का खुलासा किया। वीडियो में एक छोटा कॉकरोच उनके घर के सोफे और फर्नीचर पर घूमता हुआ साफ नजर आ रहा है। वीडियो साझा करते हुए उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि उन्होंने तो बस ड्रिंक का ऑर्डर दिया था, लेकिन साथ में यह बिन-बुलाया मेहमान भी आ गया, जो अब पूरे घर में भाग रहा है। जब उनके साथ मौजूद किसी शख्स ने उसे मारने की कोशिश की तो श्वेता ने उन्हें रोक दिया। इस पूरी स्थिति को उन्होंने और उनके दोस्तों ने थोड़े मजाकिया अंदाज में लिया, लेकिन खाद्य सुरक्षा पर सवाल भी उठाए। वीडियो के अंत में श्वेता ने सीधे एफडीए कमिश्नर तुकाराम मुंढे को टैग करते हुए उनसे इस लापरवाही पर कार्रवाई करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अब ऑनलाइन डिलीवरी के जरिए घरों तक कॉकरोच पहुंच रहे हैं, इसलिए प्रशासन को इस दिशा में तुरंत ध्यान देना चाहिए। श्वेता के स्टाइलिस्ट विक्टर रोबिन्सन ने भी उनके साथ फोटो शेयर करते हुए इस घटना पर अपना विरोध दर्ज कराया। आईएएस अधिकारी तुकाराम मुंढे इन दिनों खाद्य सुरक्षा और नियमों के सख्त पालन को लेकर पूरे महाराष्ट्र में बड़े पैमाने पर अभियान चला रहे हैं। होटलों, रेस्टोरेंटों और क्विक-कॉमर्स कंपनियों के वेयरहाउस में मिली कमियों के बाद वह लगातार कड़े कदम उठा रहे हैं। काम की बात करें तो श्वेता तिवारी इन दिनों ओटीटी प्लेटफॉर्म के लोकप्रिय रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स इंडिया' के दूसरे सीजन में नजर आ रही हैं। इससे पहले वह साल 2024 में ब्लॉकबस्टर फिल्म 'सिंघम अगेन' और वेब सीरीज 'इंडियन पुलिस फोर्स' में अहम भूमिकाएं निभा चुकी हैं।

# सार समाचार

## इमरान खान मामले में पाक सरकार को झटका, पुनर्विचार याचिका सुप्रीम कोर्ट ने लौटाई



इस्लामाबाद। पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को गुरुवार को जोर का झटका दिया। जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लेकर सुनाए फैसले के विरोध में सरकार ने पुनर्विचार याचिका दायर की थी, जिसे शीर्ष अदालत ने लौटा दिया। मामला इमरान को शिफा इंटरनेशनल अस्पताल में स्थानांतरित करने का था। कोर्ट ने अपने 18 अगस्त के आदेश में सरकार को इसकी व्यवस्था करने को कहा था। प्रमुख पाकिस्तानी दैनिक डॉन ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार कार्यालय ने अधूरे दस्तावेज और पेपर बुक होने का हवाला देते हुए याचिका वापस की। हालांकि, एक सूत्र के मुताबिक सरकार आवश्यक संशोधनों के साथ याचिका दोबारा दाखिल कर सकती है। इसके साथ ही रजिस्ट्रार की आपत्तियों के खिलाफ अपील भी की जा सकती है। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए पीटीआई के महासचिव सलमान अकरम रजा ने दावा किया कि अदालत की आपत्तियों के बाद सरकार ने अपनी पुनर्विचार याचिका वापस ले ली है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने कहा, " सुप्रीम कोर्ट के 18 अगस्त के आदेश का पालन न करने का कोई बहाना नहीं है और इमरान खान को तत्काल शिफा इंटरनेशनल अस्पताल स्थानांतरित किया जाना चाहिए।" सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सरकार को निर्देश दिया था कि इमरान खान को दो दिनों के भीतर इस्लामाबाद स्थित शिफा इंटरनेशनल अस्पताल ले जाया जाए, जहां बहु-विषयक चिकित्सा बोर्ड उनकी जांच और उपचार करे।

## पेरू में भूकंप के तेज झटके, रिक्टर स्केल पर 6.7 रही तीव्रता, उपाहुआचो शहर के पास 66 किमी नीचे था केंद्र




पेरू के दक्षिणी एंडीज पर्वतीय क्षेत्र में गुरुवार को 6.7 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, भूकंप के कारण तत्काल किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, भूकंप स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब एक बजे आया। इसका केंद्र अयाकुचो क्षेत्र के पारिनाकोचास प्रांत में उपाहुआचो शहर से 38 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में जमीन में 66.7 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के झटके इका और अरेक्विपा क्षेत्र सहित पेरू के कई दक्षिणी हिस्सों में महसूस किए गए। अधिकारियों ने तत्काल किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं दी है। वर्ष 2007 में इका प्रांत में 7.9 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया था, जिसमें करीब 600 लोगों की मौत हुई थी। गहराई ज्यादा होने की वजह से बड़े पैमाने पर नुकसान नहीं हुआ।

## जम्मू-कश्मीर पर अमेरिका के बयान के क्या मायने? बौखलाए पाकिस्तान ने US राजदूत को किया तलब



अमेरिका ने पाकिस्तान को बड़ा झटका देते हुए जम्मू कश्मीर को भारत का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया है। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने श्रीनगर में ये बयान दिया जिसके बाद पाकिस्तान तिलमिला गया है। पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में अमेरिका के कार्यवाह राजदूत को तलब करके सर्जियो गोर के बयान का विरोध किया। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय की तरफ से एक प्रेस रिलीज जारी करके बाकायदा इसकी जानकारी दी गई। सर्जियो गोर कल श्रीनगर में थे और आज लेह लद्दाख के दौरे पर जा रहे हैं। कल श्रीनगर की डल झील की सैर करने के बाद गोर ने ये बयान दिया जिसके बाद पाकिस्तान में खलबली मच गई है। US राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि यहां आना बहुत खुशी की बात है। यहां सभी जानते हैं कि मैं भारत में अमेरिका का राजदूत हूं, ये भारत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमें विश्वास है कि इसे इलाके को सुरक्षित रखने के लिए अतुलनीय कदम उठाए गए हैं और ज्यादा सुरक्षित कर रहे हैं। श्रीनगर में अमेरिकी राजदूत के दिए गए बयान की तपिश इस्लामाबाद से लेकर पाकिस्तान आर्मी के हेडक्वार्टर रावलपिंडी तक महसूस की गई। झुंझलाए पाकिस्तान ने जरा भी सब्र ना दिखाते हुए इस्लामाबाद में अमेरिका के कार्यवाहक राजदूत को तलब करके सर्जियो गोर के बयान पर कड़ा ऐतराज जताते हुए उसका विरोध किया। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद श्रीनगर दौरा करने वाले सर्जियो गोर दूसरे अमेरिकी राजदूत हैं।

## शहबाज-मुनीर के लिए नई आफत! POK की जॉइंट अवामी एक्शन कमिटी ने किया फौज के खिलाफ हथियार उठाने का ऐलान



पाकिस्तान के हिस्सों में बगावत की आग पहले से लगी है। और इस बीच, पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर के लोगों ने ऐलान किया कि अगर शहबाज शरीफ और आसिम मुनीर गोलियों की भाषा में बात करना चाहते हैं तो कश्मीर के लोगों ने भी चूड़ियां नहीं पहनी हैं। अब पाकिस्तानी फौज को बंदूकों का जवाब बंदूकों से ही मिलेगा। असल में POK में 71 दिन से प्रोटेस्ट चल रहा था, हजारों लोग सड़कों पर हैं, पाकिस्तानी फौज की फायरिंग में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है लेकिन POK के लोग पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। प्रोटेस्ट को लीड कर रही जॉइंट अवामी एक्शन कमिटी ने ऐलान किया है कि अब POK के लोग ना तो पाकिस्तान सरकार को कोई टैक्स देंगे, ना बिजली का बिल भरेंगे, सरकारी स्कूलों व दफ्तरों का भी बहिष्कार किया जाएगा और अगर आसिम मुनीर की फौज बेगुनाह लोगों पर गोली चलाएगी तो फिर जवाब में पाकिस्तानी फौजियों की लाशें भी गिरेंगी। पीओके के लोगों ने कहा कि शहबाज शरीफ की सरकार फौज की मदद से आवाम पर जुल्म कर रही है। छोटे-छोटे बच्चों और महिलाओं की हत्या हो रही है लेकिन POK के लोगों का दर्द न पाकिस्तान की अदालतों को दिखता है और ना ही यूनाइटेड नेशन्स जैसे आर्गेनाइजेशन POK के लोगों के हक की बात करते हैं। इसलिए अब आवाम अपने हक की लड़ाई खुद लड़ेगी। गौरतलब है कि बलूचिस्तान में पहले से बगावत हो रही है। बलूचों ने अपने इलाके को अलग मुल्क घोषित कर दिया है। खैबर पख्तूनख्वा में भी लोगों ने हथियार उठा लिए हैं। सिंध में आग लगी है। POK की आवाम ने भी पाकिस्तानी फौज को गोली का जवाब गोली से देने का ऐलान किया है। हालात ऐसे हैं कि पाकिस्तान कब टूट जाएगा, कितने टुकड़ों में बंट जाएगा, कोई नहीं बता सकता। दू दूसरी तरफ, पाकिस्तान, गुलामी की मानसिकता से आजादी की 79 साल बाद भी नहीं निकल पा रहा है। उम्मीद है कि भविष्य में ये और अधिक मजबूत होंगे।

## फखरुल इस्लाम जो आज बने बांग्लादेश के राष्ट्रपति, उन्हें भी कभी भारत में लेनी पड़ी थी शरण



बांग्लादेश की संसद ने आज (गुरुवार को) Bangladesh Nationalist Party के लंबे वक्त से सेक्रेटरी जनरल मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर को देश का नया राष्ट्रपति चुन लिया। इसके साथ ही 1960 के दशक में एक वामपंथी स्टूडेंट वर्कर के तौर पर सियासत में कदम रखने वाले मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर को देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठा दिया गया। लेकिन एक वक्त था जब मुश्किल के दिनों में फखरुल इस्लाम को भारत में शरण लेनी पड़ी थी। आइए फखरुल इस्लाम के राजनीतिक सफर के बारे में जानते हैं। बता दें कि राष्ट्रपति बनने से पहले मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर, प्रधानमंत्री तारिक रहमान की सरकार में ग्रामीण विकास एवं सहकारिता मंत्री थे। इसके अलावा, मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर BNP के महासचिव की जिम्मेदारी भी संभाल रहे थे। जान लें कि ढाका यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के दौरान, मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर वामपंथी संगठन 'ईस्ट पाकिस्तान स्टूडेंट्स यूनियन' में शामिल हो गए थे। फिर, 1969 में मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर तत्कालीन पाकिस्तानी सैन्य समर्थित सरकार के विरुद्ध हुए जन आंदोलन में ढाका यूनिवर्सिटी में पार्टी की यूनिट के अध्यक्ष बने थे। इसके बाद, सन् 1971 के मुक्ति संग्राम के वक्त ऐसा समय भी आया था, जब मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर को भारत में शरण लेनी पड़ी थी। फिर, उन्होंने वामपंथी स्वतंत्रता सेनानियों को संगठित करने में अहम रोल भी निभाया था। गौरतलब है कि मुख्यधारा की सियासत में आने से पहले मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर सरकारी नौकरी कर रहे थे।

## ट्रंप के 'गुडविल' का किम ने मिसाइलों से दिया जवाब! समुद्र की ओर दागीं 10 बैलिस्टिक मिसाइलें



सियोल। नॉर्थ कोरिया ने गुरुवार को कम दूरी की करीब 10 बैलिस्टिक मिसाइलें समुद्र की ओर दागी हैं। साउथ कोरिया की सेना के मुताबिक, मिसाइलों की लॉन्चिंग शाम करीब 5 बजे नॉर्थ कोरिया के राजधानी क्षेत्र से किया गया। ये मिसाइलें नॉर्थ कोरिया के पूर्वी समुद्री क्षेत्र की ओर गईं। साउथ कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने बताया कि सेना ने अपनी निगरानी व्यवस्था और मजबूत कर दी है। साउथ कोरिया, अमेरिका और जापान इन मिसाइल लॉन्च से जुड़ी जानकारी आपस में साझा करते हुए लगातार संपर्क में हैं। मिसाइल परीक्षण के बाद दक्षिण कोरिया की राष्ट्रपति राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के इमरजेंसी मीटिंग की। बैठक के बाद जारी बयान में उत्तर कोरिया से बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण रोकने की अपील की गई। दक्षिण कोरिया ने कहा कि इस तरह के मिसाइल परीक्षण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के खिलाफ हैं। जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी इससे पहले संदिग्ध मिसाइल लॉन्च का पता चलने की जानकारी दी थी। उत्तर कोरिया का यह मिसाइल परीक्षण ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने अपने संयुक्त सैन्य अभ्यास 'उल्ची फ्रीडम शील्ड' को छोटा करने का फैसला किया है। बुधवार को दोनों देशों की सेनाओं ने बताया था कि 11 दिन चलने वाले इस अभ्यास को सीमित किया जा रहा है। यह अभ्यास सोमवार से शुरू हुआ था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अभ्यास शुरू होने से ठीक पहले उत्तर कोरिया के प्रति 'गुडविल' दिखाते हुए पेंटागन को इसे 'काफी हद तक कम करने' का आदेश दिया था। ट्रंप ने इसके पीछे उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के साथ अपने अच्छे संबंधों और ईरान में चल रहे युद्ध को लेकर दक्षिण कोरिया के उनके समर्थन में नहीं आने को वजह बताया था। ट्रंप की इस पहल के बाद किम जोंग उन की प्रभावशाली बहन किम यो जोंग ने बुधवार को प्रतिक्रिया दी। उन्होंने ट्रंप की पहल को खारिज करते हुए कहा कि यह ऐसी बात है, जिस पर टिप्पणी करना भी जरूरी नहीं है।

## आरएसएस प्रमुख 25 अगस्त से तीन देशों का करेंगे दौरा, वसुधैव कुटुंबकम का देंगे संदेश

वाशिंगटन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत 25 अगस्त से तीन देशों (अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन) का दौरा करेंगे। मोहन भागवत का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुताबिक, भागवत को इन देशों (अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन) के स्थानीय संगठनों और भारतीय प्रवासी समुदाय से जुड़े संस्थानों ने आमंत्रित किया है। इस कार्यक्रम को रक्षा बंधन से भी जोड़ा जा रहा है और आयोजक इसे 'वसुधैव कुटुंबकम' यानी पूरी दुनिया को एक परिवार मानने की भारतीय अवधारणा से जोड़ रहे हैं। इससे पहले 100 से अधिक कनाडाई हिंदू और नागरिक स्वतंत्रता संगठनों ने प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की सरकार से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत को कनाडा आने की अनुमति देने का आग्रह किया और उन्हें प्रवेश के लिए अयोग्य घोषित करने की मांगों को खारिज कर दिया। कार्नी और तीन वरिष्ठ मंत्रियों को लिखे एक संयुक्त पत्र में इन संगठनों ने कहा कि भागवत से संबंधित कोई भी आव्रजन या सार्वजनिक सुरक्षा निर्णय विश्वसनीय साक्ष्य और उचित प्रक्रिया पर आधारित होना चाहिए, न कि राजनीतिक दबाव पर। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों ने कहा कि भागवत की प्रस्तावित यात्रा कनाडा के हिंदू समुदाय के लिए महत्वपूर्ण है, जिसकी संख्या उन्होंने दस लाख से अधिक बताई है। समूहों ने यात्रा का विरोध करने वाले सांसदों और संगठनों से अपने दावों के समर्थन में साक्ष्य प्रस्तुत करने को कहा।

## अदियाला जेल से शिफा अस्पताल लाए गए इमरान खान, डॉक्टरों का पैनल कर रहा जांच; पुलिस छावनी में तब्दील हुआ इलाका




पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को आदियाला जेल से शिफा अस्पताल शिफ्ट कर दिया गया है। इमरान खान को कड़ी सुरक्षा के बीच शिफा अस्पताल शिफ्ट किया गया। हॉस्पिटल के आसपास के इलाके को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। मीडिया को भी दूर रखा गया है। हॉस्पिटल के अंदर भी पाकिस्तानी सेना और पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इमरान खान को शिफा अस्पताल किया गया है। पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि इमरान खान को बेहतर उपचार के लिए शिफा इंटरनेशनल अस्पताल में भर्ती कराया जाना चाहिए। यह आदेश उनकी सेहत, जीने के अधिकार और मेडिकल सेवाओं के तक पहुंच के लिए संवैधानिक गारंटी देता है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हफ्ते में एक बार उनके परिवार के सदस्यों को मिलने के लिए व्यवस्था की जाए। कोर्ट का इमरान खान के पक्ष में फैसला आने के बाद वहां की सरकार ने पुनर्विचार याचिका दायर कर दी थी जिसे अदालत के रजिस्ट्रार कार्यालय ने अधूरे दस्तावेज, पेपर बुक होने का हवाला दिया और वापस कर दिया। सुप्रीम कोर्ट का ये फैसला शरीफ सरकार के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। बता दें कि मंगलवार को ही पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने तीन साल से जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 48 घंटे के भीतर प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराने का आदेश दिया था। चीफ जस्टिस की बेंच ने अपने आदेश में साफ-साफ कहा था कि इमरान खान की हालत ठीक नहीं हैं, उन्हें बेहतर इलाज मिले, ये उनका हक है। इसलिए सरकार उन्हें इस्लामाबाद के शिफा हॉस्पिटल में एडमिट करे। लेकिन बुधवार को शहबाज शरीफ की सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से अपने फैसले पर फिर से गौर करने की अपील कर दी थी। इस बीच PTI के नेता जुनैद अकबर ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तान की सरकार इमरान खान से डरती है। अगर इमरान जेल से बाहर आए तो शहबाज शरीफ की कुर्सी खतरे में पड़ेगी इसीलिए सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले को न मानने के बहाने खोज रही है। इमरान खान की सेहत अब पाकिस्तान की जनता के लिए भी बड़ा मुद्दा बन चुकी है। लेकिन इस पूरे विवाद में PTI लगातार आरोप लगा रही है कि सरकार को इमरान खान की सेहत से ज्यादा उनकी राजनीतिक ताकत की चिंता है।

## अमेरिका के साथ बातचीत करने का मतलब आत्मसमर्पण नहीं: ईरानी राष्ट्रपति पेजेश्कियन

तेहरान। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने कहा है कि अमेरिका के साथ बातचीत करने का मतलब आत्मसमर्पण नहीं है। तेहरान में बुधवार (स्थानीय समय) को एक कॉन्फ्रेंस में, पेजेश्कियन ने ईरान की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने की जरूरत पर बल दिया। यह जानकारी राष्ट्रपति कार्यालय की वेबसाइट पर एक बयान जारी कर दी गई। पेजेश्कियन ने कहा, "बातचीत की प्रक्रिया में, हम अपनी पूरी ताकत के साथ और समझदारी, सम्मान और जरूरत को ध्यान में रखते हुए कदम-दर-कदम आगे बढ़ रहे हैं।" उन्होंने कहा, "हमारा लक्ष्य युद्ध खत्म करना, (ईरान-विरोधी नौसैनिक) नाकेबंदी हटाना, देश की जब्त की गई संपत्ति को जारी करना और फिर परमाणु वार्ता करना है।" पेजेश्कियन पहले भी सरेंडर न करने की बात कहते आए हैं। सिंहुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय मीडिया ने एक अमेरिकी अधिकारी का हवाला देते हुए बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को प्रशासन के शीर्ष दूतों से ईरान के साथ बातचीत रोकने को कहा है। बुधवार को ट्रंप ने ईरान पर "जबरदस्त आर्थिक कार्रवाई" की घोषणा की, जबकि कुछ घंटे पहले ही उन्होंने कहा था कि ईरान के साथ हालात "बहुत अच्छे" हैं। तेहरान और वाशिंगटन ने 18 जून को सभी मोर्चों पर युद्ध खत्म करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने आगे कहा कि इस योजना में ईरान के प्रति दुश्मनी भरा रुख अपनाने वाली सरकारों के खिलाफ कार्गो जब्त करने और ज्यादा टैरिफ लगाने जैसे उपाय शामिल हैं।

## हौतियों का दावा : सऊदी अरब के नजरान एयरपोर्ट और अरामको तेल केंद्र पर ड्रोन हमला



सना। यमन के हौती विद्रोही समूह ने गुरुवार को दावा किया कि उसने सऊदी अरब के दक्षिण नज़रान क्षेत्र में स्थित एक एयरपोर्ट और सरकारी तेल कंपनी अरामको की एक तेल सुविधा पर ड्रोन हमले किए हैं। हौती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में कहा कि समूह ने दो ड्रोन हमले किए। इनमें एक ड्रोन ने नज़रान एयरपोर्ट पर एक "संवेदनशील लक्ष्य" को निशाना बनाया, जबकि दूसरे ड्रोन ने सऊदी अरामको की एक तेल सुविधा पर हमला किया। यह्या सरी ने दावा किया कि दोनों हमले अपने लक्ष्य हासिल करने में सफल रहे। हालांकि, उन्होंने किसी भी तरह के नुकसान या हताहतों की संख्या की जानकारी नहीं दी। हौती समूह के अनुसार, ये हमले सऊदी अरब की ओर से यमन के उत्तरी सादा प्रांत के हवाई क्षेत्र में ड्रोन घुसपैठ के जवाब में किए गए। सादा प्रांत हौतियों का प्रमुख गढ़ है और इसकी सीमा सऊदी अरब से लगती है। फिलहाल सऊदी अरब या अरामको की ओर से हौतियों के इन दावों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। यह दावा ऐसे समय सामने आया है जब हौतियों और सऊदी अरब के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। इस बीच, यमन की सरकारी सेना ने भी गुरुवार को दावा किया कि उसने पिछले 24 घंटों में हौती ठिकानों के खिलाफ 81 सैन्य अभियान चलाए हैं। सरकारी सेना के प्रवक्ता माजिद अल-नुजैली ने कहा कि इन अभियानों में कई मोर्चों पर हौती लड़ाकों और उनके ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें कई लड़ाके और फील्ड कमांडर मारे गए या घायल हुए। उसका आरोप था कि सऊदी अरब ने हौती नियंत्रित इलाकों की नाकेबंदी कर रखी है।

# थिंक राजस्थान



## खेल समाचार

## सारा बेजलेक ने सबालेंका को हराकर पहली बार क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

सिनसिनाटी। सिनसिनाटी ओपन महिला एकल में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। दुनिया की 35वें नंबर की खिलाड़ी चेक रिपब्लिक की सारा बेजलेक ने दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 7-6 (7), 6-4 से हराकर पहली बार डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बेजलेक ने मैच की शुरुआत में ही ब्रेक ले लिया था, जब सबालेंका ने 2-0 की लीड ले ली थी। लेकिन 20 साल की चेक खिलाड़ी ने वापसी की और तुरंत ब्रेक वापस ले लिया। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों ने टाईब्रेक में जाने से पहले सर्विस ब्रेक का एक और राउंड एक्सचेंज किया, जहां बेजलेक ने 5-1 की लीड बना ली। हालांकि, सबालेंका ने वापसी करते हुए 5-5 से स्कोर किया, लेकिन बेजलेक टाईब्रेक में अपने तीसरे सेट पॉइंट पर पहला सेट 7-6 (9-7) से जीतने में कामयाब रहीं। इसके बाद सबालेंका ने दूसरे सेट में 4-1 की लीड बना ली। एक बार फिर, बेजलेक ने वापसी करते हुए सेट को 4-4 से बराबर कर दिया। उन्होंने एक और ब्रेक हासिल करके 5-4 की लीड ले ली और फिर मैच को लव पर सर्व करके सिर्फ दो घंटे से भी कम समय में 7-6, 6-4 से जीत हासिल की। जीत के बाद बेजलेक ने कहा, "मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। मेरे पास शब्द नहीं हैं। मैंने बस विश्वास बनाए रखा। यही सबसे जरूरी था।"

## अगले 12 महीने बेहद मुश्किल, 2023 वाली सफलता दोहराने का मौका: कैमरन ग्रीन



मैके। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने कहा है कि बांग्लादेश के खिलाफ डार्विन में पहला टेस्ट गंवाने के बाद अपने ऐतिहासिक 2023 कैंपेन से प्रेरणा ले सकती है। बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट शनिवार से शुरू हो रहा है। बांग्लादेश सीरीज के बाद ऑस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलनी है। इसके बाद वनडे विश्व कप 2027 खेला जाना है। ग्रीन ने गुरुवार को मैके में कहा, "ये 12 महीने सच में बहुत मुश्किल होने वाले हैं। हमारे तीन सबसे मुश्किल विदेशी दौरे आने वाले हैं, दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड, साथ ही विश्व कप भी, इसलिए यह इस ग्रुप के लिए थोड़ा मुश्किल है, लेकिन रोमांचक भी है। 2023 में हमारा शेड्यूल काफी मिलता-जुलता था और यह साल वाकई सफल रहा था, इसलिए हम भी यही उम्मीद कर रहे हैं।" ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ने माना कि लंबे विदेशी दौरे के दौरान निरंतरता बनाए रखना और मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा, "विदेशी दौरे थका देने वाले हो सकते हैं, इसलिए बस एक-एक मैच के हिसाब से आगे बढ़ना है, बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना है और बस इसका आनंद लेना है। ये बहुत लंबे दौरे हो सकते हैं, और उम्मीद है कि आप अपने परिवार को साथ ले जा सकते हैं और बस उस पल का आनंद ले सकते हैं।" ग्रीन बैटिंग में ज्यादा सब्र रखने पर भी काम कर रहे हैं। उनका मकसद तेजी से रन बनाने के बजाय लंबी पारी खेलना है।

## बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप: त्रिशा-गायत्री का शानदार प्रदर्शन जारी, भारतीय जोड़ी ने कटाया क्वार्टर फाइनल का टिकट



भारत की स्टार महिला बैडमिंटन जोड़ी त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने गुरुवार को बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेले गए महिला डबल्स के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जापान की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी रिन इवानागा और की नाकानिशी को 21-16, 21-12 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया में 39वें नंबर की भारतीय जोड़ी ने एक बार फिर अपनी रैंकिंग और सीडिंग से कहीं बेहतर खेल दिखाया और टूर्नामेंट की ऊंची रैंकिंग वाली जोड़ी को सीधे गेम में हरा दिया। अब सेमीफाइनल में जगह बनाने पर त्रिशा और गायत्री का वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल पक्का हो जाएगा। इस जीत में त्रिशा के आक्रामक खेल की अहम भूमिका रही। भारतीय खिलाड़ी ने बार-बार कोर्ट के पिछले हिस्से से अपनी ताकत का इस्तेमाल करके अटैक के मौके बनाए। इसके साथ ही नेट पर भी उन्होंने कई शानदार शॉट खेले और जापानी जोड़ी को वापसी करने का मौका नहीं दिया। त्रिशा के अटैक के दौरान गायत्री का खेल थोड़ा शांत रहा, लेकिन उन्होंने तालमेल को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। कोर्ट पर त्रिशा के मूवमेंट और रोटेशन ने बार-बार इवानागा और नाकानिशी को मुश्किल स्थिति में डाला। हालांकि, इस मुकाबले में कुछ तनावपूर्ण पल भी देखने को मिले। त्रिशा और गायत्री खेल के दौरान कुछ घटनाओं से साफतौर पर परेशान दिखीं, क्योंकि जापानी जोड़ी के व्यवहार को लेकर उनकी चिंताओं पर उन्हें मनचाहा जवाब नहीं मिला। स्टेडियम का माहौल जापानी जोड़ी के लिए और भी मुश्किल हो गया, क्योंकि भारतीय समर्थकों ने मुकाबले को पूरी तरह से घरेलू मैच जैसा बना दिया था। त्रिशा और गायत्री के लिए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाना उनकी वापसी की राह में एक और अहम पड़ाव है।

## US ओपन चैंपियंस पर होगी पैसों की बारिश, विजेताओं को मिलेंगे 55 लाख डॉलर



यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट इस बार टेनिस इतिहास का सबसे बड़ा इनाम देने जा रहा है। 2026 में महिला और पुरुष सिंगल्स का खिताब जीतने वाले विजेताओं को लगभग 46 करोड़ रुपये (5.5 मिलियन डॉलर) की इनामी राशि मिलेगी। इसके साथ ही टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए कुल इनामी रकम बढ़ाकर करीब 900 करोड़ रुपये (108 मिलियन डॉलर) कर दी गई है। यूएस टेनिस संघ (USTA) ने टूर्नामेंट की शुरुआत से ठीक पहले यह घोषणा की है। इस बार खिलाड़ियों के बीच बांटी जाने वाली कुल इनामी राशि पिछले साल की तुलना में 20 और 2024 के मुकाबले 44 प्रतिशत ज्यादा है। साल 2025 में कार्लोस अल्कराज और आर्यना सबालेंका ने विजेता बनकर 5 मिलियन की इनामी राशि जीती थी, जो 2026 में बढ़कर और भी ज्यादा हो गई है। खास बात यह है कि इस बार सिर्फ विजेताओं का ही नहीं, बल्कि टूर्नामेंट खेलने वाले हर खिलाड़ी का फायदा हुआ है। यहां तक कि 128 खिलाड़ियों वाले मुख्य ड्रॉ में जो खिलाड़ी पहले ही मैच (फर्स्ट राउंड) में हारकर बाहर हो जाएंगे, उन्हें भी लगभग 1.15 करोड़ रुपये (1,40,000) का रिकॉर्ड इनाम मिलेगा। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों को लगभग 6.5 करोड़ रुपये (780,000) और सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले प्लेयर्स को करीब 12 करोड़ रुपये (1.45 मिलियन) मिलेंगे। वहीं, रनर-अप यानी फाइनल में हारने वाले खिलाड़ी को करीब 23.3 करोड़ रुपये (2.8 मिलियन) दिए जाएंगे, जिसका मतलब है कि चैंपियन बनने वाले खिलाड़ी को उपविजेता से लगभग दोगुनी रकम मिलेगी। इतना ही नहीं, डबल्स मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को भी इस बार बढ़ी हुई इनामी राशि का फायदा मिलेगा। डबल्स मुकाबलों में पुरुष, महिला और मिक्स जीतने वाले प्लेयर्स को लगभग 8.3 करोड़ रुपये (1 मिलियन) दिए जाएंगे, जिन्हें वे आपस में बाटेंगी। वहीं उपविजेता (रनर-अप) टीमों को करीब 4.15 करोड़ रुपये (5,00,000) दिए जाएंगे। इसके अलावा, व्हीलचेयर सिंगल्स के चैंपियन्स को लगभग 86 लाख रुपये (1,04,000) की इनामी राशि मिलेगी। खिलाड़ियों की मदद के लिए यूएसटीए ने एक खास आर्थिक मदद योजना भी शुरू की है। इसके लिए शुरुआत में लगभग 16.6 करोड़ रुपये (2 मिलियन) की राशि तय की गई है, जो महिला और पुरुष खिलाड़ियों में बराबर-बराबर बांटी जाएगी। यह प्लान खिलाड़ियों को पेंशन के पैसों के अलावा अतिरिक्त वित्तीय सहायता और फायदे देगी। यह बढ़ी हुई पुरस्कार राशि खिलाड़ियों के लिए केवल चैंपियन बनने की कमाई तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे टूर्नामेंट में प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आर्थिक रूप से मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। खासतौर पर शुरुआती दौर में बाहर होने वाले खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी महत्वपूर्ण है, क्योंकि उन्हें यात्रा, कोचिंग, ट्रेनिंग और अन्य खर्चों का सामना करना पड़ता है। 128 खिलाड़ियों के मुख्य ड्रॉ में पहले ही दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को करीब 1.40 लाख डॉलर यानी लगभग 1.15 करोड़ रुपये मिलेंगे। दूसरे और तीसरे दौर में पहुंचने वाले खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि इससे आगे बढ़ती जाएगी। इससे निचली रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेने और अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए आर्थिक मदद मिलेगी।

## जो रूट ने की सचिन तेंदुलकर के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी, इतिहास रचने से अब सिर्फ एक कदम दूर



इंग्लैंड और पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला हेडिंग्ले के स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच के दूसरे दिन के खेल में इंग्लैंड टीम की पहली पारी में उनके कप्तान जो रूट के बल्ले से 66 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी देखने को मिली। इसके दम पर जो रूट ने सचिन तेंदुलकर के टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा अर्धशतकीय पारियां खेलने के वर्ल्ड रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। वहीं रूट अपनी इस पारी में तीन रन और बना लेते तो घर पर टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकी पोंटिंग के वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ देते जो अब उनके पास अगली पारी में तोड़ने का मौका रहने वाला है। बेन स्टोक्स के रिटायरमेंट लेने के बाद इंग्लैंड टेस्ट टीम की कप्तानी फिर से संभालने वाले जो रूट ने बल्ले से काफी शानदार शुरुआत की है। पाकिस्तान के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट मैच में अपनी 66 रनों की पारी में जो रूट ने 112 गेंदों का सामना किया जिसमें वह 10 चौके भी लगाने में कामयाब रहे। रूट का यह 167वां टेस्ट मुकाबला है जिसकी 305वीं पारी में बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने टेस्ट में 68वां अर्धशतक लगाया है। सचिन तेंदुलकर जिनके रिकॉर्ड को रूट ने बराबर किया है उन्होंने 200 टेस्ट मैचों में 68 फिफ्टी लगाई थी। रूट अब एक और फिफ्टी लगाने के साथ सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ पहली पोजीशन को हासिल कर लेंगे। टेस्ट क्रिकेट में बतौर कप्तान जो रूट अब सबसे ज्यादा फिफ्टी प्लस रनों की पारियां खेलने के मामले में क्लाइव लॉयड को पीछे छोड़ टॉप-5 में एंट्री कर गए हैं। रूट ने जैसे ही हेडिंग्ले टेस्ट में अपनी फिफ्टी पूरी की तो यह उनकी बतौर कप्तान 42वीं फिफ्टी प्लस रनों की पारी थी। इस लिस्ट में पहली पोजीशन पर साउथ अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ हैं जिनके बल्ले से बतौर कप्तान टेस्ट में 61 फिफ्टी प्लस रनों की पारियां देखने को मिली थी। जो रूट की इस पारी ने उन्हें टेस्ट क्रिकेट के रिकॉर्ड बुक में एक बार फिर खास मुकाम पर पहुंचा दिया।

## फॉर्मूला 1: मैक्स वेरस्टैपेन ने रेड बुल के साथ अनुबंध 2030 तक बढ़ाया

फॉर्मूला 1 में अपने भविष्य को लेकर चल रहे शक को दूर करते हुए, चार बार के वर्ल्ड चैंपियन मैक्स वेरस्टैपेन ने अपनी रेड बुल टीम के साथ अनुबंध बढ़ाने पर हस्ताक्षर किया है। वह 2030 के आखिर तक आरबी22 के लिए रेस करेंगे। डचमैन, मैक्स वेरस्टैपेन के मैकलारेन में जाने की चर्चा चल रही थी। रेड बुल ने मैक्स वेरस्टैपेन के साथ अनुबंध बढ़ाने की घोषणा की पुष्टि की। टीम ने इस बात पर जोर दिया कि वेरस्टैपेन के साथ उनकी पार्टनरशिप 'एफ1' इतिहास की सबसे सफल और अहम साझेदारियों में से एक रही है। वेरस्टैपेन के साथ करार का बढ़ाया जाना आपसी भरोसे और महत्वाकांक्षा को दर्शाता है, साथ ही भविष्य को एक साथ आकार देने का एक साझा फैसला है। मैक्स वेरस्टैपेन, रेड बुल के साथ अपना अनुबंध बढ़ाकर खुश हैं। वह 2016 से बुल के साथ हैं। उन्होंने कहा, "मैं अनुबंध बढ़ने से सच में बहुत खुश हूं। हमारे पास सबसे अच्छे लोग हैं। मैं फिर से शीर्ष पर वापस आने के लिए सभी के साथ मिलकर काम करते रहने के लिए उत्साहित हूं। मुझे टीम के लिए उनका एक साफ विजन दिखता है।"



## इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान टेस्ट का खेल खराब, बारिश ने कर दिया गड़बड़



इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान पहला टेस्ट मैच संकट में फंस गया है। पहले दिन का खेल तो हो गया, लेकिन दूसरे दिन का खेल शुरू ही नहीं हो पाया। सुबह जब मैच शुरू होने का वक्त था, उसी वक्त बारिश आ गई और मैच में खलल पड़ गया। हालांकि अभी मैच में वक्त काफी बाकी है, लेकिन अगर ये सिलसिला यूं ही जारी रहा तो फिर इसका नतीजा निकल पाएगा, इसकी संभावना काफी कम है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम इस वक्त इंग्लैंड के दौरे पर है। तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले के पहले दिन का तो खेल हुआ। इसमें पूरी पाकिस्तानी टीम सस्ते में आउट हो गई। पूरी टीम केवल 171 रन पर ही आउट हो गई। अब्दुल्ला शफीक ने जरूर 61 रन बनाए, बाकी कोई बल्लेबाज 50 के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया। इसके बाद जब इंग्लैंड की पारी शुरू हुई तो उनका भी हाल कुछ ऐसा ही था। टीम के दो विकेट केवल 48 रन पर ही गिर गए थे। जब पहले दिन का खेल खत्म हुआ, तब जॉर्डन कॉक्स 23 और कप्तान जो रूट 37 रन बनाकर खेल रहे थे। इसके बाद उम्मीद की जा रही थी कि दूसरे दिन रोचक मैच होगा, लेकिन बारिश ने ऐसा नहीं होने दिया। मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका पर नजर डाली जाए तो पता चलता है कि इंग्लैंड की टीम 24.36 के पीसीटी के साथ सातवें और पाकिस्तान 22.22 के पीसीटी के साथ आठवें नंबर पर है। ये मैच अगर पूरा होता तो जीतने वाली टीम का पीसीटी बढ़ जाता, लेकिन अब मैच पर ही संकट के बादल मंडरा रहे हैं। जो रूट को फिर से इंग्लैंड का कप्तान बनाया गया है। हालांकि वे लंबे समय तक पहले भी कप्तान रहे हैं, लेकिन उसके बाद उन्होंने जब इस जिम्मेदारी को छोड़ा तो बेन स्टोक्स को नया कप्तान बनाया गया। उनके कार्यकाल में टीम ने कुछ खास नहीं किया। अब जो रूट फिर से कप्तान बनकर क्या करेंगे, ये देखना होगा। इस बीच मैच में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम भी नहीं खेल रहे हैं। वो चोटिल हो गए थे। इसलिए उनकी जगह टीम की कमान सलमान अली आगा संभाल रहे हैं। बारिश के कारण हेडिंग्ले टेस्ट का दूसरा दिन पूरी तरह प्रभावित होने से मुकाबले का रोमांच फिलहाल थम गया है।

## जोश टंग का अनोखा 'अर्धशतक', मिचेल स्टार्क को पछाड़ा

इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच बुधवार से हेडिंग्ले में तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला शुरू हुआ। इंग्लैंड ने पहले दिन ही पाकिस्तान की पहली पारी 171 पर समेट दी। इंग्लैंड की तरफ से तेज गेंदबाजों ओली रॉबिनसन और जोश टंग ने 5-5 विकेट लिए। जोश टंग ने 5 विकेट लेने के साथ ही एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम हासिल की। टंग ने पाकिस्तान की पारी के दौरान 9.1 ओवर में 46 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। इस दौरान टंग मौजूदा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (2025-27) में 50 विकेट पूरे करने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। टंग ने 10 टेस्ट मैचों में 50 विकेट हासिल किए हैं। वह इस समय टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनके पीछे ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क (48 विकेट) और भारत के मोहम्मद सिराज (41 विकेट) हैं। टंग मौजूदा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में एक पारी में पांच विकेट लेने की उपलब्धि 3 बार हासिल कर चुके हैं। एक वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में 50 या उससे अधिक विकेट लेने वाले टंग इंग्लैंड के छठे गेंदबाज बन गए हैं। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के एक चक्र में सर्वाधिक विकेट लेने का इंग्लैंड का रिकॉर्ड पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के नाम है।

## रोमांचक मुकाबले में वांग से मिली सिंधु को हार, वर्ल्ड चैंपियनशिप का सफर समाप्त



नई दिल्ली। वर्ल्ड चैंपियनशिप में गुरुवार को हार के साथ पीवी सिंधु का 'विमेंस सिंगल्स' में सफर समाप्त हो गया। इसी के साथ सिंधु चैंपियनशिप में रिकॉर्ड छठा मेडल जीतने से चूक गईं। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेले गए रोमांचक 'राउंड-ऑफ-16' मुकाबले में चीन की वांग झी यी ने उन्हें 21-11, 15-21, 21-17 से मात दी। इस हार के साथ वर्ल्ड चैंपियनशिप में दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु का शानदार सिलसिला भी टूट गया। इससे पहले, वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिंधु ने चीनी खिलाड़ियों को आठ बार हराया था, लेकिन वांग इस मंच पर उन्हें हराने वाली पहली खिलाड़ी बनीं। पहले गेम में दोनों खिलाड़ी आसान गलतियों से बचने की कोशिश कर रही थीं और एक-दूसरे को लंबे और धैर्यपूर्ण एक्सचेंज के लिए मजबूर कर रहे थे। वांग को सिंधु को फ्रंट कोर्ट पर दौड़ाने में सफलता मिली, जबकि भारतीय खिलाड़ी ने बार-बार अपनी प्रतिद्वंद्वी को अटैक करने का स्पष्ट मौका नहीं दिया। वांग इंटरवल तक 11-8 से आगे थीं। इसके बाद मुकाबला तेजी से उनके पक्ष में झुक गया, क्योंकि सिंधु ने बिना दबाव के गलतियां और गलत अंदाजे के कारण प्वाइंट गंवाने शुरू कर दिए। वांग ने इसका पूरा फायदा उठाया और अपने सटीक ड्रॉप्स और अटैकिंग स्ट्रोक्स का इस्तेमाल करते हुए गेम 21-11 से जीत लिया। घरेलू दर्शकों की उम्मीदों को देखते हुए सिंधु ने दूसरे गेम में अपनी रणनीति बदलकर अधिक धैर्य के साथ शुरुआत की और तुरंत चार प्वाइंट्स की बढ़त बना ली, जबकि वांग उसी निरंतरता को बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रही थीं। चीनी खिलाड़ी ने सिंधु को लंबी रैलियों में उलझाने की कोशिश की, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने बेहतरीन ड्रिबल और ड्रॉप्स से इसका जवाब दिया। वांग के 15-15 से बराबरी करने के बाद भी सिंधु ने अपनी लय वापस हासिल की। उन्होंने लगातार छह प्वाइंट्स हासिल किए और मैच को निर्णायक गेम तक ले गईं।

# आपको माइग्रेन किस कारण से होता है डॉक्टर से समझें, क्यों महिलाओं को पुरुषों से ज्यादा होता है सिरदर्द



माइग्रेन को लोग नॉर्मल सिरदर्द समझकर नजरअंदाज कर देते हैं लेकिन जिसे माइग्रेन होता है वही इसका असलियत जानता है कि ये दर्द कितना कष्टदायक हो सकती है। दर्द के साथ-साथ माइग्रेन में उल्टी आना, तेज रोशनी से परेशानी होना, तेज आवाज से दिक्कत होना और सिरदर्द के दौरान बहुत थकान और किसी जगह पर ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होने जैसे लक्षण महसूस होते हैं। माइग्रेन नॉर्मल सिरदर्द से कहीं ज्यादा थका देने वाला होता है। देखा गया है कि महिलाओं को माइग्रेन की शिकायत पुरुषों से ज्यादा होती है। इसका एक बड़ा कारण हार्मोन्स में बदलाव को माना जाता है। डॉक्टर नेहा पंडिता (वरिष्ठ सलाहकार न्यूरोलॉजिस्ट और यूनिट हेड, पार्किंसंस रोग और मूवमेंट डिसऑर्डर, फोर्टिस अस्पताल, नोएडा) बताती हैं कि महिलाओं में माइग्रेन लाइफ में अलग-अलग पैटर्न के साथ हो सकता है। इसका बड़ा कारण हार्मोन में बदलाव और कई दूसरी वजह भी हो सकती हैं। कुछ महिलाओं में हार्मोनल उतार-चढ़ाव माइग्रेन को प्रभावित कर सकते हैं, खासकर पीरियड, गर्भावस्था, डिलीवरी के बाद का समय और रजोनिवृत्ति के दौरान सिरदर्द का पैटर्न बदल सकता है। लेकिन डॉक्टर पंडिता का कहना है कि दर्द कितनी तेज होता है इसके साथ ही माइग्रेन के दौरे का समय और पैटर्न दोनों पर ध्यान देना जरूरी है। कुछ महिलाओं को पीरियड्स शुरू होने के आसपास माइग्रेन के दौरे पड़ते हैं। यह पीरियड से पहले होने वाले हार्मोनल बदलावों खासतौर से एस्ट्रोजन के स्तर में गिरावट के कारण हो सकता है। कुछ महिलाओं के लिए मासिक धर्म के दौरान होने वाले माइग्रेन को कंट्रोल करना अधिक कठिन हो सकता है और इस वक्त सिर दर्द ज्यादा तेज हो सकता है। हालांकि सिर्फ हार्मोन ही इसका कारण नहीं है। आपकी नींद, तनाव और खाने की कमी का असर भी सिरदर्द को बढ़ा सकता है। बिजी लाइफस्टाइल में माइग्रेन और तेजी से ट्रिगर कर सकता है। नींद की कमी, भोजन न करना, पानी कम पीना और तनाव आम समस्याएं हैं, खासकर उन महिलाओं के लिए जो काम, पारिवारिक जिम्मेदारियों और देखभाल के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करती हैं। जिन महिलाओं को बार-बार माइग्रेन होता है, उनके लिए डॉक्टर पंडिता डायरी रखने की सलाह देती हैं।

# डॉक्टर ने बताया 15 दिनों तक इलायची खाने के बेहतरीन फायदे

इलायची का इस्तेमाल मिठाइयों, चाय और खीर में स्वाद और खुशबू को बढ़ाने के लिए किया जाता है। कई लोग इसका सेवन माउथ फ्रेशनर के तौर पर भी करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं यह छोटी सी दिखने वाली इलायची सेहत के लिए काफी फायदेमंद हो सकती है। इसमें मौजूद पोषक तत्व यौगिक पाचन से जुड़ी कई समस्याओं में मदद कर सकते हैं। आयुर्वेदिक डॉक्टर सलीम जैदी ने अपने यू ट्यूब पेज पर वीडियो शेयर करते हुए इलायची के फायदों के साथ एक दिन में कितना खाएं यह भी बताया है। इलायची में कार्बोहाइड्रेट, डाइटरी फाइबर, प्रोटीन और हेल्दी फैट के साथ-साथ कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्नीशियम, आयरन, फॉस्फोरस और मैंगनीज जैसे प्रमुख खनिज और विटामिन सी व बी-कॉम्प्लेक्स पाए जाते हैं जिस वजह से इसे गुणों का खान कहते हैं।

गट हेल्थ में फायदेमंदः रोजाना दो हरी इलायची चबाने से गट हेल्थ बेहतर होता है। इसमें मौजूद तेल पेट में डाइजेस्टिव एंज़ाइम के प्रोडक्शन को स्टिम्यूलेट करते हैं। इससे पाचन क्रिया बेहतर होती है जिससे गैस, एसिडिटी और ब्लोटिंग जैसी समस्याओं से आराम मिलता है।

खराब सांसों से छुटकाराः इलायची, में मौजूद एंटी माइक्रोबियल प्रॉपर्टीज़ बैक्टीरिया को रोकती है और बदबूदार सांसों से छुटकारा दिलाने में मदद करती है। साथ ही गम इंफेक्शन और केविटी से भी आपका बचाव करती है।

शरीर में देती है ऊर्जाः दोपहर का खाना खाने के बाद अगर आपको भी नींद आने लगती है तो इलायची का सेवन आपके लिए फायदेमंद हो सकती है। यह पाचन को एक्टिव करती है जिससे खाना जल्दी पचता है और शरीर में ऊर्जा बरकरार रहती है। डॉक्टर सलीम कहते हैं कि 15 दिनों तक आप रोजाना दो इलायची खाएं।

# उम्र बढ़ने के साथ शरीर हो रहा है कमजोर? डॉक्टर ने बताए 5 सप्लीमेंट्स जो बॉडी को मजबूत रखने में करेंगे मदद



उम्र बढ़ने के साथ शरीर की ताकत कम होना सामान्य है। इस दौरान मसल्स लॉस, कमजोर हड्डिया और मेटाबॉलिज्म धीमा होने के कारण मोटापा बढ़ने लगता है और शरीर में कमजोरी बढ़ने लगती है। ऐसे में अपनी ताकत और मांसपेशियों को मजबूत बनाए रखने के लिए लोग कई तरीके आज़माते हैं। अच्छी और हेल्दी डाइट, एक्सरसाइज़ और कुछ सप्लीमेंट्स की मदद से इस प्रक्रिया को धीमा किया जा सकता है। मैरीलैंड स्थित एनेस्थिसियोलॉजी और इंटरवेंशनल पेन मेडिसिन डॉक्टर कुणाल सूद ने इंस्टाग्राम पर ऐसे 5 सप्लीमेंट्स के बारे में बताया, जिन्हें उम्र बढ़ने के साथ शरीर की ताकत बनाए रखने में मददगार माना जाता है।

क्रिएटिनः क्रिएटिन हाई इंटेंसिटी वाली एक्सरसाइज़ के दौरान एडेनोसिन ट्राइफॉस्फेट को फिर से बनाने में मदद करता है, जिससे समय के साथ ट्रेनिंग की क्वालिटी बेहतर होती है। रेजिस्टेंस ट्रेनिंग के क्रिएटिन को लेने से बुजुर्गों में, मांसपेशियों के लीन मास और ताकत में सुधार देखा गया है।

विटामिन D: विटामिन D हड्डियों की सेहत और मांसपेशियों के काम करने की क्षमता को बेहतर बनाता है। इसकी कमी को पूरा करने से ताकत और काम करने की क्षमता में सुधार हो सकता है, लेकिन जिन लोगों में पहले से ही विटामिन D का स्तर सही है, उनमें ज़्यादा विटामिन D लेने से ताकत में बढ़ोतरी नहीं देखी गई है।

ओमेगा-3ः ओमेगा-3 फैटी एसिड, सूजन और मांसपेशियों में प्रोटीन बनने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकते हैं। हालांकि, कुछ स्टडीज़ में ओमेगा-3 से मांसपेशियों की ताकत में मामूली सुधार देखा गया है, लेकिन इसके फायदे को लेकर सभी अध्ययनों के नतीजे एक जैसे नहीं हैं।

मैग्नीशियमः मैग्नीशियम शरीर में नर्व सिग्नलिंग और मांसपेशियों के लिए जरूरी है। अगर शरीर में मैग्नीशियम की कमी है, तो इसे पूरा करने से शारीरिक क्षमता में सुधार हो सकता है। लेकिन जिन लोगों में इसका स्तर पहले से सामान्य है, उनमें अतिरिक्त मैग्नीशियम से ताकत बढ़ने के सबूत सीमित हैं।

प्रोटीन पाउडरः प्रोटीन पाउडर प्रोटीन की ज़रूरतों को पूरा करने का एक आसान तरीका है। जब इसे रेजिस्टेंस ट्रेनिंग के साथ लिया जाता है, तो पर्याप्त प्रोटीन लीन मास और ताकत को ज़्यादा बढ़ाने में मदद करता है, खासकर उन बुज़ुर्गों में जो अपनी प्रोटीन की ज़रूरतें पूरी नहीं कर पा रहे हैं।

# लहसुन की 1-2 कलियां रोज करें डाइट में शामिल, दिल से लेकर पेट तक मिल सकते हैं ये फायदे



हमारे घर की रसोई में ऐसी कई चीजें होती हैं, जिन्हें हम रोज खाते हैं, लेकिन उनके फायदे के बारे में ज्यादा नहीं सोचते। लहसुन भी ऐसी ही एक चीज है। सब्जी हो, दाल हो या चटनी, लहसुन खाने का स्वाद बढ़ा देता है। लेकिन लहसुन सिर्फ स्वाद के लिए ही खास नहीं है। इसमें ऐसे कई गुण पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए लाभकारी होते हैं। लहसुन का सबसे ज्यादा फायदा दिल और ब्लड प्रेशर से जुड़ा है। वैज्ञानिक रिसर्च में पाया गया है कि लहसुन का सेवन हाई ब्लड प्रेशर वाले लोगों में बल्ड प्रेशर को थोड़ा कम करने में मदद करता है। इसमें मौजूद सल्फर शरीर की नसों को आराम देता हैं। इससे खून का बहाव ठीक रखने में मदद मिलती है। लहसुन शरीर में सूजन और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाव में भी मददगार होता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं, जो शरीर में बनने वाले कुछ हानिकारक फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद करते हैं। रोजमर्रा की डाइट में सब्जियों, फलों, साबुत अनाज और प्रोटीन के साथ थोड़ी मात्रा में लहसुन शामिल करना एक संतुलित डाइट का हिस्सा हो सकता है। लहसुन पेट के लिए भी फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद प्रीबायोटिक गुण आंतों में मौजूद अच्छे बैक्टीरिया के लिए मददगार होते हैं। हमारी आंतों में मौजूद ये बैक्टीरिया पाचन और शरीर के सामान्य स्वास्थ्य में अहम भूमिका निभाते हैं। हालांकि यहां मात्रा का ध्यान रखना जरूरी है। ज्यादा कच्चा लहसुन खाने से कुछ लोगों को गैस, पेट दर्द या जलन की समस्या हो सकती है। लहसुन में ऐसी चीजें भी पाई जाती हैं, जो शरीर में होने वाली सूजन को कम करने में मदद कर सकती हैं। शरीर में थोड़ी बहुत सूजन होना सामान्य है, लेकिन लंबे समय तक ज्यादा सूजन शरीर के लिए अच्छी नहीं मानी जाती। लहसुन में मौजूद कुछ खास तत्व शरीर को इस परेशानी से बचाने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा इसमें ऐसे गुण भी पाए जाते हैं, जो शरीर की कोशिकाओं को नुकसान से बचाने में मदद कर सकते हैं। लहसुन कोलेस्ट्रॉल लेवल के लिए भी उपयोगी माना जाता है। लहसुन खाने से शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल का स्तर थोड़ा कम होता है।

# ऑल आउट नहीं ये 2 रुपए की चीज़ करेगी डेंगू के मच्छरों से आपका बचाव

डेंगू एक बार फिर अपना कहर बरपा रहा है। देश के कई इलाकों से डेंगू फैलने की खबरे सामने आने लगी हैं। दिल्ली एनसीआर में इस बार डेंगू का असर पिछले साल के मुकाबले ज्यादा है। हालात ये हैं कि दिल्ली, नोएडा सहित देश के अलग अलग राज्यों के अस्पताल डेंगू के मरीजों से भरे हुए हैं। WHO के मुताबिक हर साल दुनिया में करीब 40 करोड़ लोगों को डेंगू का इंफेक्शन होता है। आशंका है कि ये आंकड़ा आने वाले वक्त में 400 करोड़ तक जा सकता है। ऐसे में डेंगू के मच्छरों से बचने के लिए लोग कई तरह के उपाय आज़माते हैं। डेंगू से बचने के लिए अगर आप भी ऑल ऑउट लगाकार परेशान हैं लेकिन फिर भी कोई फायदा नज़र नहीं आ रहा है और मच्छर आपके घर में घुसकर तांडव मचा रहे हैं तो एक बार इन घरेलू नुस्खों को ज़रूर आज़माइये। यह नुस्खा बहुत सस्ता है इसमें आपके ज़्यादा पैसे भी खर्च नहीं होंगे और आपको रिजल्ट भी बेहतर मिलेगा। कपूर और नीम का तेलः मच्छरों को भगाने के लिए आप कपूर और नीम के तेल का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। दरअसल, इसकी गंध मच्छरों को पसंद नहीं आती और वो घर से दूर भाग जाते हैं। इसके लिए कपूर और नीम के तेल को मिलाकर जला दें और कमरे को बंद कर दें। आप देखेंगे कि जब कपूर जल जाएगा तो मच्छर अपने आप मर जाएंगे या भाग जाएंगे। लहसुनः सब्जियों में ज़ायके का स्वाद लगाने वाला लहसुन मच्छरों को भगाने में भी बेहद कारगर है। लहसुन की कली को पानी में उबाल लें, अब इस पानी को स्प्रे बोतल में डालकर घर के कोनों में छिड़क दें, इससे मच्छर मर जाते हैं।

# प्लास्टिक की बोतल में पानी पीते हैं तो जान लीजिए उसके दुष्प्रभाव

प्लास्टिक मॉडर्न लाइफस्टाइल का हिस्सा बन चुका है, आजकल जहां देखो प्लास्टिक नज़र आता है, किचन के डब्बे हों, या बाज़ार में बिकने वाली पानी की बोतल। खाने की पैकिंग हो या सामान लाने वाले पॉलिथिन। कप, प्लेट, स्ट्रॉ हर चीज़ पर प्लास्टिक का कब्ज़ा है। यहां तक कि समंदर से निकलने वाले कचरे में भी सबसे ज़्यादा प्लास्टिक ही होता है। भारत सरकार प्लास्टिक पॉल्यूशन से लोगों को बचाने के लिए लगातार कोशिश कर रही है। सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर बैन भी लगा चुकी है। बावजूद इसके लोग प्लास्टिक से दूरी नहीं बना रहे हैं और आज भी प्लास्टिक की बॉटल में पानी पीते हैं। चलिए हम आपको बताते हैं इससे आपकी सेहत को क्या नुकसान होगा। हाल ही में हुई एक रिसर्च के मुताबिक हर हफ्ते 2 हज़ार तो पूरे साल में तकरीबन एक लाख से ज़्यादा पार्टिकलस शरीर में घुसकर ह्यूमेन सेल्स को नुकसान पहुंचाते हैं। ये माइक्रोप्लास्टिक एक तरफ हार्ट के ब्लड वेसेल्स को जाम करते हैं, तो दूसरी तरफ किडनी के नेफ्रॉन को नुकसान पहुंचाते हैं। नतीजा हार्ट अटैक और किडनी फेलियर का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। बाजार जाएं तो घर से ही कपड़े का बैग लेकर जाएं।

# जिम या वर्कआउट के तुरंत बाद पानी पीना चाहिए या नहीं? जानिए क्या है सही तरीका

अगर आप फिटनेस के लिए जिम में घंटों पसीने बहाते हैं तो ये खबर आपके लिए है। अक्सर लोग एक्सरसाइज और वर्कआउट के दौरान छोटी-छोटी गलतियां कर बैठते हैं। जिससे शरीर को फायदे के जगह नुकसान झेलना पड़ता है। जिम में एक्सरसाइज करते वक्त जमकर पसीना निकलता है। जिससे शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या होने लगती है और गला सूखने लगता है। आपने देखा होगा कई लोग एक्सरसाइज के बीच में पानी पीने लगते हैं। वहीं कुछ लोग वर्कआउट के तुरंत बाद ठंडा पानी पी लेते हैं। इससे शरीर को नुकसान हो सकता है। अब सवाल उठता है कि एक्सरसाइज के कितनी देर बाद पानी पीना चाहिए। कितनी मात्रा में पानी पिएं और पानी पीने का सही तरीका क्या है। आइये जानते हैं। जिम या वर्कआउट करते वक्त पानी पीना चाहिए या नहीं- जिम या कोई दूसरा वर्कआउट करते वक्त शरीर से पसीना बहने लगता है। ऐसे में बहुत तेज प्यास लगती है। कुछ लोग वर्कआउट की बीच में ही ढ़ेर सारा पानी पी लेते हैं। वहं कुछ लोग प्यास बुझाने के लिए ठंडा पानी पीने लगते हैं। जो गलत है। अगर आपको एक्सरसाइज के वक्त प्यास लग रही है तो आप बहुत थोड़ी मात्रा में यानि 1-2 सिप पानी पी सकते हैं। एक्सरसाइज के बाद जब शरीर ठंडा हो जाए यानि करीब 20-25 मिनट बाद आपको पानी पीना चाहिए। एक्सरसाइज के बीच में पानी पीने से क्या होता है- एक्सरसाइज के बीच में जब हम पानी पीते हैं तो ये गर्म तवे पर पानी डालने की तरह काम करता है। इस वक्त आपका शरीर गर्म होता है और ऐसी स्थिति में पानी पीना सेहत पर विपरीत असर डाल सकता है।

# यूरिक एसिड के मरीज़ों के लिए अश्वगंधा है फायदेमंद, ऐसे सेवन करने से तुरंत होगा असर

इन दिनों लोगों में यूरिक एसिड की समस्या आम हो गई है। ठंड के मौसम में यह समस्या लोगों में और भी बढ़ जाती है। अगर आपके शरीर में यूरिक एसिड की समस्या बढ़ जाए तो इस वजह से आपको गठिया और किडनी स्टोन जैसी बीमारियों का समाना करना पड़ सकता है। जिस वजह से आपको घुटनों, जॉइंट्स और उंगलियों में दर्द और तकलीफ हो सकती है। कई बार दर्द इतना ज़्यादा बढ़ जाता है कि लोग ढंग से उठ बैठ भी नहीं पाते हैं। आपके साथ ऐसा न हो इसलिए आप यूरिक एसिड को कंट्रोल करने के लिए आयुर्वेदिक जड़ी बूटी अश्वगंधा का इस्तेमाल कर सकते हैं। आप सोच रहे होंगे की अश्वगंधा यूरिक एसिड को कंट्रोल करने में कैसे कारगर है तो चलिए हम आपको इसके फायदे हैं। अश्वगंधा का वैज्ञानिक नाम विथानिया सोम्नीफेरा है और इसे विंटर चैरी और इंडियन गिनसेंग के नाम से जाना जाता है। यह एक प्राचीन औषधीय जड़ी बूटी है। इसका उत्पादन भारत और अफ्रीका में होता है। यह जड़ी बूटी सेहत को कई तरह से फायदे पहुंचाती है। इसके सेवन से यूरिक एसिड को कंट्रोल किया जा सकता है। सर्दियों के मौसम में अश्वगंधा का सेवन करने से कमजोर हड्डियों को मजबूत मिलती है।

# रोजाना करें कुर्मासन, शरीर के साथ मन को भी मिलेगी राहत



व्यस्त दिनचर्या में अक्सर असंतुलित खान-पान और शरीरिक मूवमेंट ने होने से अक्सर शरीर से जुड़ी समस्या होना आम है, लेकिन जिंदगी से थोड़ा समय निकालकर योग और खानपान पर ध्यान दिया जाए तो इससे निजात पाई जा सकती है। योग के इन्हीं आसनों में कूर्मासन योग है, जिसको करने से शरीर के साथ-साथ मन को भी शांति मिलती है। कूर्मासन संस्कृत शब्द 'कूर्म' से निकला है, जिसका अर्थ होता है कछुआ। इसलिए इस आसन को कछुआ योग कहते हैं। इस आसन को करने से साधक खुद को मानसिक समस्याओं से ठीक उसी प्रकार दूर कर लेता है, जिस प्रकार एक कछुआ संकट आने पर खुद को अपने कवच में छुपा लेता है। इस आसन को रोजाना करते रहने से आप मानसिक रूप से स्वस्थ होने लगते हैं। आयुष मंत्रालय और योग ग्रंथों के अनुसार, कूर्मासन (कछुआ मुद्रा) एक उन्नत योगासन है, जिसमें शरीर की आकृति कछुए जैसी हो जाती है। इस आसन का कार्य मुख्य रूप से वात विकारों को दूर करना है। यह मुड़ी हुई रीढ़ की हड्डी को सीधा करने और उसमें रक्त संचार बढ़ाने में मदद करता है। साथ ही, यह मूत्र और यौन विकारों, पीठ दर्द तथा पाचन से जुड़ी समस्याओं में भी उपयोगी है। यह आसन रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाने और पाचन तंत्र को बेहतर करने में बहुत फायदेमंद माना जाता है।

# फेफड़ों की सूजन और एलर्जी को कम करता है सीताफल, शरीफा खाने से मिलते हैं गजब के फायदे

Custard Apple For Health: सर्दियों में सीताफल यानि शरीफा खूब आता है। मीठा, जूसी और गूदेदार सीताफल खाने में बहुत ही स्वादिष्ट लगता है। सीताफल को शरीफा भी कहते हैं। ये फल पौष्टिक तत्वों (Custard Apple Benefits) से भरपूर होता है। सीताफल में प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम, विटामिन सी, विटामिन बी और पोटेशियम अच्छी मात्रा में पाया जाता है। सीताफल खाने से कमजोरी दूर होती है और शरीर में खून की मात्रा बढ़ती है। पाचन के लिए सीताफल अच्छा होता है। बच्चों को इसे आसानी से खिलाया जा सकता है। ठंड में सीताफल खाने से इम्यूनिटी मजबूत होती है। इससे एलर्जी और फेफड़ों में आई सूजन की समस्या को भी कम किया जा सकता है। जानिए सीताफल के फायदे।

इम्यूनिटी मजबूत बनाए- सर्दियों में मिलने वाला शरीफा रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए रोजाना सीताफल का सेवन जरूर करें। इसमें अच्छी मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है, जिससे इम्यूनिटी मजबूत होती है। सीजनल बीमारियों को दूर करने में भी मदद करता है।

आयरन की कमी दूर करे- शरीफा में आयरन अच्छी मात्रा में होता है। इससे शरीर में खून को कमी दूर करने में मदद मिलती है। कमजोरी की सममस्या होने पर रोजाना शरीफा जरूर खाएं। आप सीताफल को ऐसे ही या फिर स्मूदी और शेक बनाकर भी पी सकते हैं।

अस्थमा और एलर्जी में फायदेमंद- सीताफल खाने से एलर्जी की समस्या को दूर किया जा सकता है। रोजाना शरीफा खाने से अस्थमा के मरीजों को भी फायदा मिलता है। इससे फेफड़ों पर आई सूजन कम होती है और एलर्जी को कम करने में भी मदद मिलती है। शरीफा में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं जो अस्थमा के खतरे को कम करते हैं।

हार्ट को बनाए हेल्दी- सीताफल दिल के लिए भी फायदेमंद होता है। इसके सेवन से हार्ट अटैक के खतरे को कम किया जा सकता है। सीताफल में विटामिन-बी6 अच्छी मात्रा में होता है जिससे स्ट्रोक के खतरे को कम किया जा सकता है। हार्ट की बीमारियों से बचने के लिए डाइट में सीताफल जरूर शामिल करें।

वजन बढ़ाएं- अगर आप दुबले-पतले हैं तो आपको सीताफल जरूर खाना चाहिए। सीताफल खाने से शरीर का वजन बढ़ता है। इससे तुरंत एनर्जी मिलती है और लगातार खाने से वजन भी बढ़ने लगता है। थकान और कमजोरी होने पर सीताफल जरूर खाएं। सर्दियों के मौसम में मिलने वाला सीताफल यानी शरीफा स्वादिष्ट होने के साथ पोषक तत्वों से भी भरपूर फल है।



# हैदराबाद में तेज़ रफ़्तार एस्टन मार्टिन कार ने युवती को कुचल डाला, सांसद का 21 साल का बेटा चला रहा था गाड़ी

हैदराबाद में एस्टन मार्टिन कार की टक्कर से 26 साल की एक महिला की मौत हो गई। इस मामले में राज्यसभा सदस्य लिंगमनेनी रमेश के 21 साल के बेटे लिंगमनेनी संजुश पर आरोप लगाया गया है कि वह कार बहुत तेज रफ़्तार और लापरवाही से चला रहा था। कार एक्सीडेंट की मृतक भारती मुखी, जो इनऑर्बिट मॉल के लाइफस्टाइल कपड़ों के स्टोर में काम करती थीं, 16 अगस्त को माधापुर इलाके में अपने काम की जगह के पास सड़क पार करते समय कार की चपेट में आ गई और उनकी मौत हो गई। साइबराबाद पुलिस ने कार चलाने वाले व्यक्ति की पहचान 21 साल के संजुश के तौर पर की है। उनके पिता एक बिजनेसमैन हैं और आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण की जन सेना पार्टी से जुड़े हैं। उन्हें अभी तक गिरफ़्तार नहीं किया गया है। माधापुर के असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ़ पुलिस (ACP) सीएच श्रीधर ने बताया कि आरोपी को नोटिस भेजा गया है। अधिकारी ने कहा कि उन्हें गिरफ़्तार नहीं किया गया है क्योंकि यह जमानत वाला अपराध है और इसमें अधिकतम सजा सात साल से कम है। माधापुर पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि सड़क दुर्घटना में मौत,16.08.2026 को दोपहर लगभग 3:00 बजे, हैदराबाद के माधापुर में इनऑर्बिट मॉल के सामने एक जानलेवा सड़क दुर्घटना हुई। मृतक, 26 वर्षीय भारती मुखी, इनऑर्बिट मॉल के लाइफस्टाइल स्टोर में सेल्स गर्ल के तौर पर काम करती थीं। उस दिन, वह अपनी सहकर्मी पूजा अशोक के साथ खाना लेने के लिए ITC कोहिनूर के पास गई थीं। जब वे इनऑर्बिट मॉल लौट रही थीं और मॉल के सामने सड़क पार कर रही थीं, तभी रजिस्ट्रेशन नंबर TG-09-G-0666 वाली एक कार कथित तौर पर तेज़ रफ़्तार और लापरवाही से आई और भारती मुखी को टक्कर मार दी। भारती मुखी के सिर में गंभीर चोट आई और बहुत ज़्यादा खून बहने लगा; उन्हें तुरंत




जुबली हिल्स के अपोलो अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।शिकायत के आधार पर, माधापुर पुलिस स्टेशन में BNS की धारा 106(1) के तहत अपराध संख्या 1238/2026 दर्ज की गई और जांच शुरू की गई। जांच के दौरान, दुर्घटना के समय गाड़ी चलाने वाले व्यक्ति की पहचान लिंगामेनेनी संजुश के रूप में हुई, जो लिंगामेनेनी रमेश के बेटे हैं, उम्र 21 साल, पेशा: बिजनेस, निवासी: हाईटेक सिटी, माधापुर। उसी दिन उन्हें हिरासत में लिया गया और आरोपी का 'ड्रंक एंड ड्राइव' टेस्ट और ड्रग टेस्ट किया गया। खून के नमूने भी लिए गए और जांच के लिए फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (FSL) भेजे गए। दुर्घटना में शामिल गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया। फिलहाल PME (पोस्टमॉर्टम) रिपोर्ट हासिल करने के लिए जांच चल रही है। हैदराबाद में तेज रफ्तार एस्टन मार्टिन की चपेट में आने से 26 वर्षीय महिला की मौत के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। हादसा 16 अगस्त को माधापुर इलाके में इनऑर्बिट मॉल के सामने हुआ था। मृतका भारती मुखी वहां स्थित लाइफस्टाइल स्टोर में काम करती थीं।

## मुंबई पुलिस ने बचाए पानी में फंसे 9 मछुआरे

महाराष्ट्र के मुंबई में आज (गुरुवार को) JNPT चैनल के बाहर एक नाव डूबने की खबर आई थी। ये भी बताया गया था कि इस नाव पर 9 मछुआरे सवार थे जो फंस गए। इसके बाद मुंबई पुलिस मौके पर पहुंची और मछुआरों को रेस्क्यू किया। प्राथमिक रूप से मिली जानकारी के मुताबिक, मुंबई के येलोगेट पुलिस स्टेशन की सीमा में JNPT चैनल के बाहर एक नाव के डूबने की सूचना मिलने के बाद राहत एवं बचाव अभियान चलाया गया। बता दें कि विनायक (IND-MH-MM-07-3350) नामक नाव के इंजन रूम में बड़ी मात्रा में पानी भर गया था और इंजन बंद होने के कारण नाव डूबने की स्थिति में थी। तभी पुलिस मौके पर पहुंची और मछुआरों को रेस्क्यू किया। विनायक नाव का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें नाव के अंदर पानी भरा हुआ दिखाई दे रहा है। मछुआरे नाव से पानी निकालने की कोशिश करते हैं लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो पाते हैं। मुंबई पुलिस फिर वहां दूसरी बोट लेकर पहुंची और पानी के बीच फंसे मछुआरों को रेस्क्यू किया। PSI धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही मुंबई पुलिस की संबंधित टीम ने मौके पर पहुंचकर नाव पर सवार 9 मछुआरों को सुरक्षित पाया।

## 'देश के जवान भाई, मुझे माफ कर दो', 'We are Gen Z' कहने वाली पर्यटक ने सेना से मांगी माफी

नई दिल्ली। लद्दाख में एक चेकपोस्ट पर सुरक्षा कर्मियों से बहस करने वाली पर्यटक ने अब भारतीय सेना के जवानों से माफी मांगी है। कुछ दिन पहले उसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। वीडियो में वह ट्रैफिक रोके जाने को लेकर सुरक्षा कर्मियों से बहस करती और खुद को 'Gen Z' बताते हुए कहती नजर आई थी। NDTV की रिपोर्ट के मुताबिक, महिला ने अपने व्यवहार पर अफसोस जताया और सीधे सेना के जवानों से माफी मांगी। उसने कहा, 'कृपया मेरे देश के जवान भाई, मुझे माफ कर दो।' महिला माफी मांगते हुए पर्यटक ने भारतीय सेना के जवानों की भूमिका की भी तारीफ की। उसने कहा कि सेना के जवान देश की सीमाओं पर तैनात रहते हैं, ताकि देश के लोग सुरक्षित रहें और चैन से सो सकें। ने कहा कि चेकपोस्ट पर जो कुछ हुआ, वह उसकी गलती थी और उसे इसका पछतावा है। महिला ने भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर सेना से भी माफी मांगी। उसने जवानों से कहा कि वे उसे 'अपनी छोटी बहन समझकर माफ कर दें।' उसका कहना है कि उसे अपनी गलती का एहसास काफी जल्दी हो गया था। यह मामला लद्दाख के मिनिमर्ग चेकपोस्ट का है। वायरल हुए वीडियो में पर्यटक कई घंटे तक ट्रैफिक रोके जाने को लेकर नाराज दिखाई दे रही थी। वह पूछ रही थी कि पर्यटकों को इतनी देर तक क्यों रोका जा रहा है। वीडियो में महिला ने कहा था, 'हम Gen Z हैं और इस तरह की बकवास बर्दाश्त नहीं करने वाले।' इसके बाद उसने प्रतिबंधों और ट्रैफिक रोके जाने पर सवाल उठाए और दूसरे पर्यटकों से वहां से जाने की अपील भी की। इन टिप्पणियों को लेकर सोशल मीडिया पर काफी नाराजगी देखने को मिली। कई लोगों ने उसके जवानों से बात करने के तरीके पर सवाल उठाए। इस विवाद पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और कई पूर्व सैन्य अधिकारियों ने भी प्रतिक्रिया दी थी। उमर अब्दुल्ला ने 'Gen Z' शब्द के बार-बार इस्तेमाल पर तंज कसा था। उन्होंने कहा था कि यह रवैया अब पुराने 'जानते नहीं हो मेरे बाप कौन हैं' वाले अंदाज जैसा होता जा रहा है। हालांकि अब पर्यटक ने साफ तौर पर कहा है कि उसे अपने व्यवहार पर पछतावा है और उसने जवानों से उसे छोटी बहन समझकर माफ करने की अपील की है। लद्दाख के मिनिमर्ग चेकपोस्ट पर सुरक्षा कर्मियों से बहस को लेकर विवादों में आई पर्यटक ने अब अपने व्यवहार के लिए भारतीय सेना के जवानों से माफी मांगी है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के बाद मामले को लेकर काफी चर्चा हुई थी और लोगों ने महिला के व्यवहार पर नाराजगी जताई थी। महिला ने अपने बयान में कहा कि चेकपोस्ट पर जो कुछ हुआ, वह उसकी गलती थी और उसे अपने व्यवहार का पछतावा है। उसने अपने व्यवहार पर खेद जताते हुए लोगों से भी मामले को समझने की अपील की।

# वंदे मातरम् को लेकर भाजपा-कांग्रेस के बीच क्यों मचा है घमासान? 1937 का रिजोल्यूशन क्या था?



जो वंदे मातरम् स्वतंत्रता संग्राम का नारा था, जो वंदे मातरम् आजादी के दीवानों का तराना था, वो राष्ट्रगीत आज सियासत का मुद्दा बन गया। कांग्रेस ने पूरा राष्ट्रगीत गाने से इनकार कर दिया है। कांग्रेस के इस रूख को अमित शाह ने देश को तोड़ने की साजिश बताया है, कांग्रेस की देशविरोधी मानसिकता का सबूत बताया है। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण के लिए किसी भी हद तक गिर सकती है। देश के लोगों को कांग्रेस का असली चेहरा अच्छी तरह पहचान लेना चाहिए। असल में कांग्रेस ने वर्किंग कमेटी की मीटिंग में बाकायदा प्रस्ताव पारित करके फैसला किया है कि भले ही पार्लियामेंट ने कानून बना दिया हो, भले ही राष्ट्रगीत का अपमान कानूनन जुर्म हो लेकिन कांग्रेस के किसी भी कार्यक्रम में पूरा राष्ट्रगीत नहीं गाया जाएगा। कांग्रेस के कार्यकर्ता वंदे मातरम् के सिर्फ दो पैरा ही गाएंगे। कांग्रेस के इस फैसले को अमित शाह ने संसद का अपमान बताया है। कांग्रेस ने अपने रेजोल्यूशन में 1937 की वर्किंग कमेटी के प्रस्ताव का हवाला दिया है। दरअसल, आज गृह मंत्री अमित शाह तमिलनाडु में थे। महाबलीपुरम में साउथ जोनल काउंसिल की मीटिंग शुरू होने वाली थी लेकिन इससे पहले अमित शाह खुद कैमरे के सामने आए और कांग्रेस पर हमला किया।

## कानपुर में 250 करोड़ की साइबर ठगी, बैंक के रिलेशन मैनेजर ने ही ठगों के लिए फर्जी खाते खोले



यूपी के कानपुर में सामने आए 250 करोड़ रुपये से अधिक के साइबर ठगी के मामले में बर्रा पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने स्मॉल फाइनेंस बैंक के रिलेशन मैनेजर मुकेश झा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी साइबर ठगों के लिए बोगस फर्मों के नाम पर बैंक खाते खुलवाता था और इन खातों में करोड़ों रुपये के लेनदेन की सुविधा उपलब्ध कराता था। पुलिस जांच में सामने आया है कि इन बैंक खातों का इस्तेमाल साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट और GST चोरी से जुड़ी रकम को इधर-उधर करने के लिए किया जाता था। आरोप है कि बैंक कर्मचारी इस पूरे नेटवर्क में साइबर ठगों की मदद करते थे और बदले में लेनदेन की रकम का 5 से 10 प्रतिशत तक कमीशन लेते थे। पुलिस के अनुसार, साइबर ठग आम लोगों को झांसा देकर या लालच देकर उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य दस्तावेज हासिल करते थे। इन दस्तावेजों का इस्तेमाल कथित तौर पर फर्जी यानी बोगस फर्में बनाने में किया जाता था। इसके बाद इन्हीं फर्मों के नाम पर बैंक खाते खुलवाए जाते थे। पुलिस का कहना है कि गुमटी नंबर-5 स्थित स्मॉल फाइनेंस बैंक में विमलेश जनरल स्टोर, अर्जुन नमकीन भंडार और राज कॉन्ट्रैक्टर्स समेत कई फर्मों के नाम पर खाते खोले गए। इन खातों को खुलवाने में रिलेशन मैनेजर मुकेश झा की भूमिका सामने आई है। पुलिस जांच में यह भी आरोप सामने आया कि साइबर ठगों के लिए खोले गए इन खातों की लेनदेन सीमा करोड़ों रुपये तक बढ़ाई गई थी। इसके बाद डिजिटल अरेस्ट, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड और अन्य साइबर अपराधों से जुटाई गई रकम इन खातों में ट्रांसफर कराई जाती थी। पुलिस के मुताबिक, खातों में होने वाले बड़े लेनदेन की निगरानी भी बैंक कर्मचारियों की ओर से की जाती थी। किसी खाते को लेकर साइबर शिकायत सामने आने पर कथित तौर पर खाते में मौजूद रकम को दूसरे माध्यमों से निकालने की कोशिश की जाती थी, जिससे ठगी की रकम को होल्ड या फ्रीज होने से बचाया जा सके। जांच में पुलिस को पता चला कि बैंककर्मी कथित तौर पर साइबर ठगों के इस नेटवर्क के साथ मिलकर काम कर रहे थे।

# 'सिर्फ आज नहीं, कल के भारत की सोचिए', PM मोदी ने हाईलेवल मीटिंग में अफसरों को दिया बड़ा मंत्र

**उन्होंने विभागीय साइलो खत्म करने, डेटा को राष्ट्रीय संपत्ति मानकर बेहतर साझा करने और AI के साथ मानवीय समझ बनाए रखने पर जोर दिया।**



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को केंद्र सरकार के सचिवों के साथ तीसरी उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक प्रधानमंत्री आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर हुई। इसमें इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी, सुरक्षा और विदेश मामलों के साथ-साथ शासन व्यवस्था से जुड़े मंत्रालयों और विभागों के भविष्य के एजेंडे पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि उन्हें सिर्फ तत्काल समस्याओं, आंकड़ों और मौजूदा चुनौतियों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्हें लंबे समय की सोच के साथ यह भी विचार करना चाहिए कि आने वाले वर्षों में देश का भविष्य किस तरह तैयार किया जाए। प्रधानमंत्री ने सरकारी विभागों के बीच काम करने की अलग-अलग व्यवस्था यानी 'साइलो' की समस्या पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि साइलो सिर्फ संगठन से जुड़ी समस्या नहीं है, बल्कि यह सोच से जुड़ी समस्या भी है। यह समस्या विभागों के बीच क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर, दोनों स्तरों पर हो सकती है। PM मोदी ने अधिकारियों से अपनी जिम्मेदारियों की पूरी जिम्मेदारी लेने और देश के प्रति अपनापन रखते हुए काम करने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार के कामकाज में 'पूरी सरकार एक साथ' वाली सोच होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कोविड-19 महामारी और पश्चिम एशिया संकट का उदाहरण देते हुए कहा कि उस दौरान अलग-अलग विभागों के अधिकारियों ने मिलकर प्रभावी ढंग से काम किया। प्रधानमंत्री ने डेटा को देश की राष्ट्रीय संपत्ति और भविष्य के लिए महत्वपूर्ण संसाधन बताया। उन्होंने कहा कि सरकार डेटा जुटाने, उसे सुरक्षित रखने और मैनेज करने में काफी संसाधन लगाती है, लेकिन विभागों के बीच तालमेल की कमी और अलग-अलग सिस्टम के कारण डेटा की पूरी क्षमता का इस्तेमाल नहीं हो पाता। PM मोदी ने कहा कि अलग-अलग उद्देश्यों के लिए डेटा जुटाने और मैनेज करने के तरीके भी अलग हैं। उन्होंने ऐसी व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया, जिससे अलग-अलग विभागों के डेटा सिस्टम आपस में बेहतर तरीके से जुड़ सकें और डेटा का प्रभावी इस्तेमाल हो सके। प्रधानमंत्री ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी AI के बेहतर इस्तेमाल पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि AI की क्षमताओं को इंसानी विशेषज्ञता के साथ जोड़ा जाना चाहिए, लेकिन फैसले लेने में मानवीय हस्तक्षेप और समझ जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों से AI के इस्तेमाल के नए और रचनात्मक तरीकों पर विचार करने को कहा, ताकि तकनीक का फायदा उठाते हुए इंसानी अनुभव और निर्णय क्षमता भी बनी रहे। PM मोदी ने सरकारी विभागों, विश्वविद्यालयों और युवाओं के बीच ज्यादा संवाद की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों और युवाओं के साथ व्यापक स्तर पर जुड़ने से नीतियां बनाने में नए और पारंपरिक सोच से अलग विचार सामने आ सकते हैं। प्रधानमंत्री ने भारत के रक्षा उद्योग को और मजबूत करने और उसे वैश्विक स्तर पर ज्यादा प्रतिस्पर्धी बनाने की जरूरत बताई। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में नए और आधुनिक कोर्स विकसित करने तथा इस क्षेत्र के लिए बेहतर मानव संसाधन तैयार करने पर भी जोर दिया।

## उत्तराखण्ड में दिसंबर तक 15000 से ज्यादा परिवारों को मिलेगी पक्की छत



देहरादून। उत्तराखंड में आने वाले दिसंबर महीने तक 15 हजार से अधिक परिवारों को पक्की छत मिलने जा रही है। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (PMAY-U) को नई गति दी है। इसकी वजह से जरूरतमंद पात्र परिवारों का अपने आशियाने का सपना साकार हो रहा है। आपको बता दें कि राज्य के आवास विभाग ने लंबित आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए अगले माह सितंबर तक की टाइम लाइन निर्धारित की है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत हर पात्र परिवार को पक्की छत उपलब्ध कराने के लिए पुष्कर सिंह धामी सरकार प्रतिबद्ध है। सचिव आवास, डॉ आर. राजेश के अनुसार प्रदेश में कुल 18 परियोजनाओं के तहत 15496 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें लगभग 84 फीसदी यानी 12948 आवासों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। जबकि 1271 घरों की चाबियां भी लाभार्थियों को सौंपी जा चुकी है। इनमें 768 रुड़की और 503 लाभार्थी हरिद्वार के हैं। लंबित आवासीय परियोजनाओं को 30 सितंबर तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश कार्यदायी संस्थाओं को दिए गए हैं। योजना के तहत सर्वाधिक 10200 मकान ऊधमसिंह नगर जनपद में बनाए जा रहे हैं।

# 260 ग्राम गोल्ड मेटल पाउडर लेकर आ रहे थे दो यात्री, एयरपोर्ट पर पकड़े गए, कहां छुपा कर रखा था सामान?



कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के एयरपोर्ट पर जवानों ने दो यात्रियों को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार, इन यात्रियों के पास से करीब 260 ग्राम गोल्ड मेटल पाउडर जब्त किया गया है जिसे इन दोनों ने छिपाकर रखा था। दोनों यात्रियों को अधिकारियों ने फ्लाइट से उतार दिया और आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस को सौंप दिया है। यात्रियों ने गोल्ड मेटल पाउडर को बड़ी ही चालाकी के साथ छुपा रखा था लेकिन इन्हें फिर भी पकड़ा लिया गया है। सामने आई जानकारी के अनुसार, गुरुवार 20 अगस्त की सुबह करीब साढ़े 11 बजे, CISF के जवानों ने टर्मिनल-1 के D-जोन में SHA-04 पर दो यात्रियों को रोका। शक था कि उन्होंने अपनी सिली हुई पैंट में कमर के पास सोने जैसा मेटल पाउडर छिपा रखा है। पूछताछ करने पर पता चला कि ये दोनों यात्री- लक्ष्मण देवडिगा (पासपोर्ट नंबर C5052937, सीट नंबर 32B) और राघवेंद्र देवडिगा (पासपोर्ट नंबर U6795715, सीट नंबर 32A)- भारतीय नागरिक हैं। वे बैंकॉक से इंडिगो की फ्लाइट नंबर 6E-1214 से टर्मिनल-2 पहुंचे थे (शेड्यूल के अनुसार आगमन समय 10:15 बजे) और उन्हें टर्मिनल-1 से इंडिगो की फ्लाइट नंबर 6E-6595 से अहमदाबाद जाना था (शेड्यूल के अनुसार प्रस्थान समय 13:55 बजे)। दोनों यात्रियों की तलाशी SI/Exe दीपक कुमार मिश्रा ने ली। 'वैल्यूएबल रूम' में बारीकी से जांच करने पर, उनकी पैंट में कमर के पास वाले हिस्से से दो पैकेट मिले जिनमें सोने जैसा मेटल पाउडर था।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए मुद्रक ताराचन्द कुमावत महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नं 17, माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर - 302012 ( राजस्थान) से मुद्रित व 1053, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली, राजस्थान - 306401 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा) समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार I RNI No. - RJMUL/26/A4290 प्रबंध सम्पादक - प्रदीप सिंह, मो . 9983831415